वार्षिक प्रतिवेदन एवं वार्षिक लेखा

2019 - 2020



राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी संस्थान

वारंगल- 506 004

तेलंगाना

वार्षिक प्रतिवेदन एवं वार्षिक लेखा

2019 – 2020



राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी संस्थान

वारंगल- 506 004

तेलंगाना



प्रस्तावना

राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी संस्थान, वारंगल देश में गुणवत्तापूर्ण तकनीकी शिक्षा प्रदान करने वाले राष्ट्रीय महत्व के प्रमुख संस्थानों में से एक है। संस्थान समय के साथ सभी मोर्चों पर अच्छी प्रगति कर रहा है। मुझे आपको सूचित करते हुए प्रसन्नता हो रही है कि 2020 के लिए NIRF रैंकिंग के आधार पर संस्थान को देश के शीर्ष 20 तकनीकी संस्थानों में स्थान दिया गया है और यह सब संकाय, स्टॉफ, छात्रों और पूर्व-छात्रों सहित सभी सहभागियों के संयुक्त प्रयासों के कारण हुआ है।

संकाय किसी भी शिक्षण संस्थान का आधार स्तंभ होते हैं और यह NIT वारंगल के मामले में भी सच है। आवधिक भर्तियों के साथ संकाय की संख्या निरंतर बढ़ाई जा रही है। मुझे आपको यह सूचित करते हुए प्रसन्नता हो रही है कि पिछले शैक्षणिक वर्ष 2019-20 में संस्थान ने संकाय पदों के लिए साक्षात्कार सफलतापूर्वक आयोजित किए और सराहनीय साख वाले युवा संकाय सदस्यों की बड़ी संख्या में भर्ती की गई। मुझे इन युवा संकाय सदस्यों पर दृढ़ विश्वास है और मैं आश्वस्त हूं कि वे शिक्षण, अनुसंधान और परामर्श के माध्यम से संस्थान को अकादमिक गौरव के शिखर पर ले जाएंगे।

अनुसंधान एवं परामर्श युक्त शिक्षाविद समय की मांग है। संस्थान इस दिशा में अच्छी प्रगति कर रहा है। विभिन्न प्रायोजक एजेंसियों वित्तपोषित 41 करोड़ रुपये की कुल 137 चल रही शोध परियोजनाएं कार्यान्वित की जा रही हैं। यह खुशी की बात है कि इस शैक्षणिक वर्ष 2019-20 में हमारे कुछ संकाय सहकर्मियों को राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय सहयोग से प्रतिष्ठित परियोजनाएं स्वीकृत की गई थीं। इसी तरह, पेटेंटिंग और उत्पाद-विकास भविष्य के लिए संस्थान के एजेंडे में एक प्रमुख क्षेत्र है। मुझे आपको सूचित करते हुए प्रसन्नता हो रही है कि हमारे संस्थान में पेटेंट की इस संस्कृति में वृद्धि हो रही है; कुछ पेटेंट स्वीकृत हो चुके हैं और इस अकादमिक वर्ष में बड़ी संख्या में पेटेंट दायर किए गए हैं।

NITW के अनुसंधान इन्फ्रास्ट्रक्चर को TEQIP-III योजना के अंतर्गत वित्तपोषण से "धातु योजक मैन्युफैक्चरिंग फैसिलिटी" और “400 MHz NMR इंस्ट्रूमेंट के लिए 'सॉलिड स्टेट प्रोब” की स्थापना के साथ नई सुविधाएं शामिल की गई हैं। तीन नई प्रयोगशालाएं, अर्थात् उच्च तापमान पदार्थ प्रयोगशाला, श्रांति और विभंग (*फटीग व फ्रैक्चर*) प्रयोगशाला और अत्याधुनिक उपस्करों के साथ वेल्डिंग प्रयोगशाला स्थापित की गई।

यह जानना खुशी की बात है कि हमारे निवर्तमान छात्र, कैंपस प्लेसमेंट में बड़ी संख्या में चयनित हुए है। कैंपस प्लेसमेंट के प्रतिशत में लगातार वृद्धि हो रही है। कुछ श्रेष्ठ कंपनियां हमारे छात्रों को आकर्षक वेतन पैकेजों के साथ रोजगार देने के लिए बहुत उत्सुक हैं।

यद्यपि कोरोना से हमारी जीवन शैली में परिवर्तन आया है, किन्तु यह हमारे उत्साह और नवाचारों को भयपूर्वक रोक नहीं पाया। पिछला शैक्षणिक वर्ष 2019-20 सभी दृष्टि से सफलतापूर्वक पूरा हो गया और नया शैक्षणिक वर्ष 2020-21 सुचारू रूप से शुरू हो गया है। संस्थान ने "ऑनलाइन" क्लासवर्क, वेबिनार और मूल्यांकन के साथ नए मानदंडों को अपना लिया है। यहां तक कि संस्थान का अठारहवां दीक्षांत समारोह भी 22.10.2020 को "ऑनलाइन मोड" में आयोजित किया गया था। भौतिक उपस्थिति मोड से ऑनलाइन मोड में इस सुचारु परिवर्तन के लिए मैं सभी संकाय, कर्मचारियों और छात्रों को बधाई देता हूं।

अकादमिक रिपोर्ट 2019-20 में, संस्थान की उपलब्धियों, अकादमिक और अनुसंधान गतिविधियों, प्रशिक्षण और प्लेसमेंट गतिविधियों एवं संस्थान में हो रही विभिन्न घटनाक्रमों का विस्तृत विवरण प्रस्तुत किया गया है।

मैं, इस अकादमिक रिपोर्ट को तैयार करने में शामिल सभी व्यक्तियों का हृदय से सराहना करता हूं। मैं इस अवसर पर संस्थान के संकाय, शिक्षणेत्तर कर्मचारियों, छात्रों और पूर्व छात्रों के सदस्यों को भी धन्यवाद देता हूं, जो संस्थान की बेहतरी के लिए निरंतर कार्य कर रहे हैं।

प्रोफे. एन.वी. रमना राव

विषय सूची

	भाग - I	पृष्ठ संख्या
	प्राक्कथन	III
	विषय सूची	V
	परिदृष्टि वक्तव्य *(विज़न स्टेटमेंट)*	VII
	लक्ष्य वक्तव्य *(मिशन स्टेटमेंट)*	IX
	उद्देश्य *(ऑब्जेक्टिव्स)*	XI
	संस्थान का संक्षिप्त परिचय	XIII
	परिचय	
1	शिक्षा प्रणाली	1
2	नई पहल	1
	सिंहावलोकन	
3	ऐतिहासिक पृष्ठभूमि	2
4	अवस्थिति *(लोकेशन)*	3
5	परिसर (कैम्पस)	3
6	प्रशासन	4
7	अकादमिक कार्यक्रम	17
8	प्रदत्त पाठ्यक्रम	17
9	प्रवेश प्रक्रिया	21
10	छात्र	25
11	परीक्षा एवं मूल्यांकन	26
12	जून 2020 तक प्रदान की गई उपाधियां	29
13	संकाय आंकड़ें	31
14	प्रायोजित अनुसंधान	32
15	प्लेसमेंट	34
16	केंद्रीय पुस्तकालय	39
17	TEQIP	41
18	नवोन्मेष एवं उद्भवन केंद्र *(इनोवेशन एंड इन्क्यूबेशन सेंटर)*	47
19	सिविल अभियांत्रिकी	52
20	विद्युत अभियांत्रिकी	83
21	यांत्रिक अभियांत्रिकी	100

22	इलेक्ट्रॉनिक्स एवं संचार अभियांत्रिकी	123
23	धातुकर्मीय एवं पदार्थ अभियांत्रिकी	134
24	रासायनिक अभियांत्रिकी	143
25	कंप्यूटर विज्ञान एवं अभियांत्रिकी	154
26	जैव-प्रौद्योगिकी	163
27	गणित शास्त्र	175
28	भौतिक विज्ञान	188
29	रसायन विज्ञान	199
30	प्रबंधन विद्यालय *(स्कूल ऑफ मैनेजमेंट)*	213
31	मानविकी एवं सामाजिक विज्ञान	220
32	शारीरिक शिक्षा	227
33	अंतरराष्ट्रीय एवं भूतपूर्व छात्र गतिविधियां	231
34	अध्यापन अध्ययन केंद्र *(टीचिंग लर्निंग सेटर)*, TLC	232
35	राष्ट्रीय सेवा योजना (NSS)	236
36	टेक्नोज़ीयॉन	240
37	2019 में सृजित मियावाकी लघु वन के दृश्य	244
38	संस्थान सूचना सलाहकार समिति (IIAC) के सदस्यगण	245
	वित्तीय स्थिति	
39	योजनागत एवं गैर-योजनागत अनुदानों का विश्लेषण	246
40	वित्तीय स्रोत	246
41	विगत तीन वर्षों के दौरान व्यय की स्थिति	247
	भाग - II	
	वार्षिक लेखा	250
	लेखापरीक्षा रिपोर्ट	376

परिदृष्टि वक्तव्य
(विज़न स्टेटमेंट)

एक वैश्विक ज्ञान केंद्र हेतु समाज के लिए शिक्षा, अनुसंधान, उद्यमिता और प्रौद्योगिकी सेवाओं में उत्कृष्टता हासिल करने का लगातार प्रयासरत रहना।



लक्ष्य वक्तव्य (मिशन स्टेटमेंट)

- "वैश्विक प्रतिस्पर्धी परिवेश के अनुरूप अभिनव, उद्यमशील और भावी नैतिक पेशेवर विकसित करने के लिए समग्र गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्रदान करना"।
- "तकनीकी शिक्षा के क्षेत्र में पारस्परिक संवर्धन के लिए हितधारियों को हमारे शिक्षा एवं ज्ञान के खजाने को साझा करने देना"।
- "सामाजिक आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए एक आत्मनिर्भर और संपदा सृजन केंद्र स्थापित करने के लिए उत्पादोन्मुखी अनुसंधान को बढ़ावा देना"।



उद्देश्य (ऑब्जेक्टिव्स)

- छात्रों को निम्नलिखित से लैस करते हुए उन्हें आधुनिक उद्योग एवं समाज की चुनौतियों का सामना करने के लिए तैयार करने के लिए अनुकूल शैक्षिक वातावरण निर्मित करना -
    - नवीनतम तकनीकी ज्ञान
    - विश्लेषणात्मक व व्यावहारिक कौशल
    - प्रबंधन सक्षमता
    - कार्य करने के लिए एक रचनात्मक एवं अभिनव दृष्टिकोण
- इन पर ध्यान केंद्रित करते हुए, स्थायी साझेदारी के माध्यम से उद्योग एवं वाणिज्य के साथ संबंधों को मजबूत करना -
    - पाठ्यचर्या विकास
    - प्रशिक्षण एवं प्लेसमेंट
    - परामर्श एवं अन्य सेवाएं
    - अनुसंधान व विकास
- संस्थान में एक ऐसा वातावरण बनाना जहां कर्मचारियों को, बौद्धिक जिज्ञासा बनाए रखने एवं कर्मचारियों के सतत विकास कार्यक्रमों के द्वारा तकनीकी विशेषज्ञता में सुधार करने के लिए, प्रोत्साहित किया जाता है।
- ऐसी स्थितियां निर्मित करना जिसमें संस्थान को तकनीकी शिक्षा में स्व-विनियमित प्रधान केंद्र के रूप में मान्यता मिले।



संस्थान का संक्षिप्त परिचय

आधुनिक भारत के निर्माता पंडित जवाहर लाल नेहरू ने देश में तकनीकी प्रगति एवं राष्ट्रीय एकता की समृद्धि के लिए क्षेत्रीय अभियांत्रिकी महाविद्यालयों की अवधारणा की कल्पना की और उसे कार्यान्वित किया था। उन्होंने 10 अक्टूबर 1959 को REC वारंगल का शिलान्यास किया था। REC वारंगल को देश में स्थापित REC श्रृंखला में पहला होने का गौरव प्राप्त है। अब NIT के दर्जे में क्रमोन्नत, इस संस्थान को NITs में सर्वाधिक स्नातकोत्तर पाठ्यक्रम चलाने का गौरव प्राप्त है।

अपनी ऐतिहासिक यात्रा के दौरान अकादमिक व प्रशासनिक नए अनुभवों को आत्मसात करते हुए और अभी तक अपने मौलिक पहचान और महान उद्देश्यों को बनाए रखते हुए यह प्रतिष्ठित संस्थान कई चरणों से गुजरा है। उस्मानिया विश्वविद्यालय (1959) के एक संबद्ध महाविद्यालय के रूप में स्थापित, REC वारंगल पूर्ण अकादमिक स्वायत्तता के साथ जवाहरलाल नेहरू प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय (1972) के क्षेत्राधिकार में आया, वह दर्जा जो तत्कालीन समय में देश के कुछ RECs को ही प्राप्त था। यह ककातीय विश्वविद्यालय (1976) का एक संबद्ध महाविद्यालय था और फिर विश्वविद्यालय के दर्जे की ओर तेजी से अग्रसित हुआ। वर्ष 2002 में इसे सम विश्वविद्यालय *(डीम्ड यूनिवर्सिटी)* घोषित किया गया। बाद में इसे राष्ट्रीय महत्व के संस्थान का दर्जा दिया गया और इसका नाम बदलकर राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी संस्थान, वारंगल कर दिया गया।

अपने अस्तित्व के 61 वर्षों की इस अवधि के दौरान यह प्रौद्योगिकी की विभिन्न शाखाओं में 19623 स्नातकों, प्रौद्योगिकी, विज्ञान, प्रबंधन और मानविकी में 12785 स्नातकोत्तरों व 837 डॉक्टरेट्स से अधिक अध्येताओं के लिए एक गौरवशाली मातृ संस्था *(एल्मा मेटर)* बन गया। संस्थान के भूतपूर्व छात्र दुनिया भर में अकादमिक, उद्योग, राजनीति, प्रशासन, अनुसंधान और उद्यमिता में बहुत उच्च पदों को सुशोभित करते हुए मिल सकते हैं, इस प्रकार संस्थान के लिए एक अंतरराष्ट्रीय प्रतिष्ठा बनाते हैं। आज अपनी प्रवेश नीतियों के कारण, यह संस्थान अपने UG, PG और PhD कार्यक्रमों के लिए विदेशी छात्रों को प्रत्यक्ष प्रवेश (DASA) और भारत सरकार की अन्य योजनाओं के तहत दुनिया के विभिन्न हिस्सों से छात्रों को आकर्षित करता है। इस प्रकार यह गुणवत्तापूर्ण तकनीकी शिक्षा प्रदान करने वाला उत्कृष्टता एक अंतरराष्ट्रीय संस्थान बन गया है। अपने अंतरराष्ट्रीय स्वरूप के अनुरूप एक ब्रांड इमेज स्थापित करने की लालसा में यह कई क्षेत्रों में उत्कृष्टता की दिशा में प्रयासरत है।

संस्थान वर्तमान में सिविल, इलेक्ट्रिकल व इलेक्ट्रॉनिक्स, मैकेनिकल, इलेक्ट्रॉनिक्स एवं संचार *(कम्युनिकेशन)*, धातुकर्म व पदार्थ *(मेटलर्जिकल एंड मटेरियल्स)*, रासायनिक *(केमिकल)*, कंप्यूटर विज्ञान एवं अभियांत्रिकी और जैवप्रौद्योगिकी शाखाओं में आठ स्नातक कार्यक्रम; और अभियांत्रिकी, विज्ञान, MBA व MCA की विविध शाखाओं में 32 स्नातकोत्तर कार्यक्रम चलाता है। संस्थान अभियांत्रिकी, विज्ञान, प्रबंधन और मानविकी विषयों में PhD कार्यक्रम भी प्रदान करता है।

तकनीकी शिक्षा, अनुसंधान एवं परामर्श सेवा प्रदान करने में यह संस्थान अपने लिए उच्च मानक निर्धारित करने में प्रयासरत है। इस दिशा में, कई पाठयक्रम संबंधी और प्रशासनिक सुधार किए गए हैं, जिनमें शिक्षा के चयन आधारित क्रेडिट प्रणाली (CBCS) की शुरुआत उल्लेखनीय है।

संस्थान के पास CSIR, DST, DIT, DRDO, NRB, BRNS आदि एजेंसियों द्वारा प्रायोजित अनुसंधान परियोजनाएं हैं, संस्थान को वर्ष 2019-20 के दौरान 2052.67 लाख रुपये मूल्य की 46 परियोजनाएं स्वीकृत हुई हैं।

संस्थान में अच्छा इन्फ्रास्ट्रक्चर है, जिसे विश्व बैंक द्वारा वित्तपोषित तकनीकी शिक्षा गुणवत्ता सुधार कार्यक्रम (TEQIP चरण III) के तहत ओर बेहतर किया जा रहा है। वर्ष 2019-20 के दौरान परिसर साक्षात्कार *(कैम्पस इंटरव्यू)* के माध्यम से छात्रों का प्लेसमेंट उत्कृष्ट रहा है। 200 से अधिक संगठनों ने परिसर का दौरा किया और कुल 801 प्लेसमेंट की पेशकश की। छात्रों में 572 बी.टेक. छात्र थे, 229 एम.टेक., एम.एससी. (टेक), एम.एससी., एमसीए व एमबीए छात्र थे।

सभी छात्रों और अधिकांश स्टॉफ सदस्यों के लिए आवास के साथ एक आवासीय परिसर के साथ संस्थान एक विशाल क्षेत्र में स्थित है। नए छात्रावासों के निर्माण एवं मौजूदा छात्रावासों के नवीनीकरण द्वारा छात्रावास सुविधा को ओर अधिक सुदृड़ किया जा रहा है। खेल सुविधाओं में विशाल खेल मैदान, क्रिकेट के लिए टर्फ विकेट के साथ एक प्रभावशाली आधुनिक स्टेडियम और एक राष्ट्रीय स्तर का 400 मीटर ट्रैक शामिल है। संस्थान में 28 छात्र क्लब और 12 विभागीय एसोसिएशन हैं, जो छात्रों के बीच समग्र व्यक्तित्व विकास को बढ़ावा देने के लिए कई गतिविधियों का आयोजन करते हैं।

संस्थान का भूतपूर्व छात्र संघ *(एलुमनाई एसोसिएशन)* देश के विभिन्न शहरों में पंद्रह शाखाओं *(चैप्टर्स)* और संयुक्त राज्य अमेरिका में एक शाखा के साथ बहुत सक्रिय है। संस्थान की प्रगति से संबंधित सभी मामलों में संस्थान भूतपूर्व छात्रों के साथ घनिष्ठ संबंध बनाए रखता है।

परिचय

1. शिक्षा प्रणाली

चयन आधारित क्रेडिट प्रणाली (CBCS) : यूजी व पीजी दोनों पाठ्यक्रम अध्यापन एवं मूल्यांकन का च्वाइस बेस्ड क्रेडिट सिस्टम अपनाते हैं। शैक्षिक वर्ष को सम व विषम दो सेमेस्टरों में बांटा गया है।

उपस्थिति : सभी कक्षाओं (व्याख्यानों/ट्यूटोरियल, प्रयोगशालाओं, कार्यशालाओं आदि) में उपस्थिति अनिवार्य है। किसी छात्र को असंतोषप्रद उपस्थिति के आधार पर परीक्षा में बैठने से रोका जा सकता है, जो पीजी स्तर पर प्रत्येक पाठ्यक्रम में आयोजित कक्षाओं की संख्या का 80% से कम है और यूजी पाठ्यक्रमों के मामले में 75% से कम है।

पंजीकरण : प्रत्येक छात्र को प्रत्येक सेमेस्टर के प्रारंभ में अकादमिक कैलेंडर में अधिसूचित दिवस पर उपस्थित होना और पंजीकृत करना आवश्यक है।

- ❖ बी.टेक. कार्यक्रम के पहले दो सेमेस्टरों के दौरान सभी पाठ्यक्रमों के लिए पंजीकरण अनिवार्य है और किसी छात्र को प्रथम वर्ष में प्रवेश दिए जाने पर यह स्वतः हो जाता है।
- ❖ तीसरे सेमेस्टर के बाद से पंजीकरण, विभागाध्यक्ष की देखरेख में, विभाग द्वारा किया जाता है।
- ❖ सिर्फ उन्हीं छात्रों को पंजीकरण की अनुमति दी जाएगी जो निम्नलिखित आवश्यकताएं पूरी करते हैं :
  - पिछले सेमेस्टरों में संस्थान व छात्रावास की सभी बकाया राशि का भुगतान कर दिया है।
  - वर्तमान सेमेस्टर के लिए निर्धारित शुल्क का भुगतान कर दिया है, और
  - अनुशासनात्मक या किसी अन्य आधार पर एक निर्दिष्ट अवधि के लिए पंजीकरण से वर्जित नहीं किया गया है
  - अकादमिक आवश्यकताएं :
    - द्वितीय वर्ष में पंजीकरण और पहले वर्ष के अंत में संस्थान में अपना अध्ययन जारी रखने की पात्रता हेतु, किसी छात्र को संतोषप्रद रूप से कम से 30 क्रेडिट (पूरक परीक्षाओं के बाद) पूरी करना चाहिए, एवं
    - तृतीय वर्ष में पंजीकरण की पात्रता के लिए, किसी छात्र को संतोषप्रद रूप से द्वितीय वर्ष के प्रथम व द्वितीय सेमेस्टर मिलाकर कम से कम 30 क्रेडिट (पूरक परीक्षाओं के बाद) पूरी की जाना चाहिए व प्रथम वर्ष के सभी पाठ्यक्रमों को संतोषप्रद रूप से पूरा किया जाना चाहिए।
    - चतुर्थ वर्ष में पंजीकरण की पात्रता के लिए, किसी छात्र को संतोषप्रद रूप से तृतीय वर्ष के प्रथम व द्वितीय सेमेस्टर मिलाकर कम से कम 30 क्रेडिट (पूरक परीक्षाओं के बाद) पूरी करना चाहिए और द्वितीय वर्ष के सभी पाठ्यक्रमों को संतोषप्रद रूप से पूरा किया जाना चाहिए।
    - यह संस्थान, सेमेस्टर पैटर्न, पाठ्यक्रम अध्यतन और च्वाइस बेस्ड क्रेडिट सिस्टम के मामले में IITs में अपनाई गई शिक्षा प्रणाली को अपना रहा है।

2. नई पहल

संस्थान अध्यापन, अध्ययन व अनुसंधान की गुणवत्ता में अभिवृद्धि के उद्देश्य से शिक्षण, अनुसंधान व विकास हेतु इन्फ्रास्ट्रक्चर के साथ-साथ सुविधाओं का विकास कर रहा है। अनुसंधान के लिए उत्कृष्टता के निम्नलिखित केंद्र स्थापित किए गए हैं।

- उन्नत पदार्थ केंद्र (CAM)
- स्वचालन और इंस्ट्रूमेंटेशन केंद्र (CAI)
- शहरी परिवहन अध्ययन केंद्र (CUTS)

नए केंद्र स्थापित किए जा रहा हैं -

- चिरस्थायी *(सस्टेनेबल)* और वैकल्पिक ऊर्जा केंद्र (CSAE)
- अध्यापन अध्ययन केंद्र *(टीचिंग लर्निंग सेंटर)*

संक्षिप्त विवरण

3. ऐतिहासिक पृष्ठभूमि

राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी संस्थान, वारंगल, जो पूर्व में क्षेत्रीय अभियांत्रिकी महाविद्यालय के रूप में जाना जाता था, ने अपने विजयी मार्च के दौरान कुछ अविस्मरणीय उपलब्धियां हासिल की हैं :

10 अक्टूबर 1959	पंडित जवाहर लाल नेहरू ने इस महाविद्यालय की आधारशिला रखी, जो देश में NITs में पूर्व) REC) की श्रृंखला में पहला था।
10 नवंबर 1959	क्षेत्रीय अभियांत्रिकी महाविद्यालय, वारंगल की सोसायटी का पंजीकरण *(रजिस्ट्रेशन)*।
अगस्त, 1965	यूनेस्को सहायता परियोजना की शुरुआत।
अक्टूबर, 1972	महाविद्यालय की संबद्धता का उस्मानिया विश्वविद्यालय से जवाहरलाल नेहरू प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय में परिवर्तन। महाविद्यालय को अकादमिक स्वायत्तता दी गई।
अगस्त 19, 1976	महाविद्यालय की संबद्धता का JNTU से ककातीया विश्वविद्यालय में परिवर्तन।
जुलाई, 1978	AICTE ने पीएच.डी. व एम.टेक. कार्यक्रमों के लिए सिविल अभियांत्रिकी विभाग को QIP किया प्रदान दर्जा का केंद्र (कार्यक्रम सुधार गुणवत्ता)।
अगस्त, 1981	आंध्र प्रदेश के छात्रों का कॉमन प्रवेश परीक्षा के माध्यम से बी.टेक. में प्रवेश।
जनवरी, 1990	यूके इंडिया-परियोजना के अंतर्गत सहायता के लिए महाविद्यालय का चयन हुआ।
अप्रैल, 1994	यूके इंडिया -REC परियोजना की शुरुआत।
अक्टूबर, 1996	वीसैट डिश के माध्यम से एक समर्पित इंटरनेट कनेक्टिविटी का कमीशनन।
अक्टूबर 23-24, 1972	40 वां स्थापना दिवस समारोह। महामहिम डॉ. सी. रंगराजन, आ.प्र. के राज्यपाल और जनरल के.वी. कृष्णा राव (सेनाध्यक्ष सेवानिवृत्त) की उपस्थिति ने समारोह की शोभा बढ़ाई।
जुलाई 20, 1978	AICTE ने निम्नलिखित विभागों को QIP केंद्र (कार्यक्रम सुधार गुणवत्ता) का दर्जा दिया : पीएच.डी. कार्यक्रम - यांत्रिक अभियांत्रिकी, रासायनिक अभियांत्रिकी और गणित विभाग एम.टेक. कार्यक्रम - विद्युत अभियांत्रिकी एवं इलेक्ट्रॉनिक्स व संचार अभियांत्रिकी विभाग
सितंबर, 2001	फाइबर ऑप्टिक कैम्पस LAN स्थापित किया गया
जुलाई, 2002	शासी मंडल *(बोर्ड ऑफ गवर्नर्स)* ने क्षेत्रीय अभियांत्रिकी महाविद्यालय, वारंगल को राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी संस्थान (NIT) वारंगल में बदलने के लिए नए मेमोरेंडम ऑफ एसोसिएशन (MOA) का प्रस्ताव पारित किया।
सितंबर, 2002	संस्थान का नाम बदलकर राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी संस्थान, वारंगल किया और सम विश्वविद्यालय *(डीम्ड यूनिवर्सिटी)* का दर्जा दिया गया।
जुलाई, 2003	AIEEE स्ट्रीम के माध्यम से बी.टेक. में छात्रों के प्रवेश की शुरुआत।
अगस्त, 2003	पाठ्यचर्या विकास और मूल्यांकन विधि का IIT पैटर्न में बदलाव।
जून, 2004	TEQIP (तकनीकी शिक्षा गुणवत्ता सुधार कार्यक्रम) के तहत संस्थान ने विश्व बैंक से 11.41 करोड़ रुपये की सहायता प्राप्त हुई ।
मार्च, 2004	NIT वारंगल का प्रथम दीक्षांत समारोह। प्रोफे. एस.के. जोशी, अध्यक्ष, शासी मंडल, IIT, रुड़की और पूर्व महानिदेशक, CSIR ने प्रथम दीक्षांत समारोह संबोधित किया।
जून 5, 2007	संसद के NIT अधिनियम को राष्ट्रपति की मंजूरी।
जनवरी 25, 2008	पूर्व राष्ट्रपति भारत रत्न डॉ. ए.पी.जे. अब्दुल कलाम का टेक्नोजियोन के दौरान कैम्पस दौरा।
	MHRD की माननीय मंत्री, श्रीमती पुरंदेश्वरी ने नए कंप्यूटर सेंटर का उद्घाटन किया और अल्ट्रा मेगा हॉस्टल का शिलान्यास किया।

अक्टूबर 10, 2008	NIT (REC) स्वर्ण जयंती वर्ष समारोह
दिसंबर 28, 2009	नवोन्मेष एवं उद्भवन केंद्र *(सेंटर फॉर इनोवेशन एंड इनक्यूबेशन)* का उद्घाटन ।
अक्टूबर, 2012	NIT वारंगल ने "हेरिटेज" नामक कार्यक्रम, इरासमस मुंडस (इंडो- यूरोप अकादमिक आदान-प्रदान कार्यक्रम) योजना पर समझौता ज्ञापन हस्ताक्षरित किया । इस कार्यक्रम में 8 भारतीय उच्च शिक्षा संस्थान (IHEIs) व 12 यूरोपीय उच्च शिक्षा संस्थान (EHEIs) प्रमुख साझेदार हैं ।
अक्टूबर 15, 2013	11वां दीक्षांत समारोह 15 अक्टूबर 2013 को आयोजित किया गया, जिसमें डॉ. कृष्णा एम. एला, अध्यक्ष, BOG, NIT वारंगल मुख्य अतिथि थे।
अगस्त 9, 2014	12वां दीक्षांत समारोह 9 अगस्त 2014 को आयोजित किया गया, जिसमें पद्मश्री अविनाश चंदर, रक्षा मंत्री के वैज्ञानिक सलाहकार, सचिव रक्षा अनुसंधान एवं विकास विभाग व DG DRDO, भारत सरकार; मुख्य अतिथि थे।
दिसंबर 13, 2015	13वां दीक्षांत समारोह 13 दिसंबर 2015 को आयोजित किया गया, पद्मश्री ए.एस. किरण कुमार, सचिव अंतरिक्ष विभाग; अध्यक्ष, अंतरिक्ष आयोग व अध्यक्ष, इसरो मुख्य अतिथि थे।
अक्टूबर 8, 2018	स्वर्ण जयंती का उद्घाटन भारत के महामहिम उपराष्ट्रपति श्री एम. वेंकैया नायडू ने किया ।
अगस्त 17, 2019	17वां दीक्षांत समारोह 17 अगस्त 2019 को आयोजित किया गया, जिसमें प्रोफे. नितिन कुमार त्रिपाठी, निदेशक, विशेष डिग्री कार्यक्रम, AIT बैंकॉक, थाईलैंड; मुख्य अतिथि थे ।

4. अवस्थिति *(लोकेशन)*

वारंगल 18.01 के अक्षांश *(लैटीट्यूड)* एवं 79.58 के देशांतर *(लॉन्जिट्यूड)* में स्थित है ।

यह संस्थान हैदराबाद - वारंगल राष्ट्रीय राजमार्ग के दोनों ओर 248 एकड़ भूमि पर काजीपेट रेलवे स्टेशन से 3 किलोमीटर की दूरी पर और वारंगल रेलवे स्टेशन से 12 किलोमीटर की दूरी पर स्थित है । यह हैदराबाद से 140 किलोमीटर दूर है । वारंगल को राज्य के सांस्कृतिक एवं ऐतिहासिक मानचित्र में एक अनूठा स्थान प्राप्त है । हजार स्तंभ मंदिर रामप्पा, भद्रकाली मंदिर और वारंगल किले की उत्तम और जटिल वास्तुकला आकर्षण का केंद्र रही है । मनोहर उद्यान, वन्यजीव अभयारण्य, आसपास के क्षेत्र में झीलें व चट्टानें छात्रों और आगंतुकों के लिए रुचि के अन्य स्थान रहे हैं । मई-जून के दौरान गर्म ग्रीष्मकाल कि अवधि को छोड़कर इस स्थान पर वर्षभर सुखद मौसम रहता है ।

5. परिसर *(कैम्पस)*

यह एक आवासीय परिसर है जिसमें छात्रों, संकाय और अन्य स्टॉफ के लिए परिसर में रहने के लिए सभी मूलभूत सुविधाएं मौजूद हैं । निम्नलिखित सांख्यिकीय आंकड़े परिसर में भवनों के बारे में अंदाजा दे सकते हैं । परिसर में विभिन्न भवनों के प्लिंथ क्षेत्रफल हैं : प्रशासनिक भवन (3,331 वर्गमीटर), अकादमिक भवन (34,448 वर्गमीटर), पुस्तकालय भवन (3,610 वर्गमीटर), छात्र हॉस्टल (32,642 वर्गमीटर), स्पोर्ट्स पैविलियन व गैलरी (784 वर्गमीटर), निदेशक बंगला, स्टाफ क्वार्टर और गेस्ट हाउस (31,598 वर्गमीटर) । परिसर में 12 कि.मी. लंबा सड़क नेटवर्क है । ऊपर संदर्भित विभिन्न प्रयोजनों के लिए और अधिक स्थान बनाने और सड़कों के नेटवर्क के निर्माण का कार्य, जो रास्ते में व्यस्त निर्माण को देखते हुए आवश्यक हो गया है , का कार्य प्रगति पर है ।

6. प्रशासन

शासी मंडल *(द बोर्ड ऑफ गवर्नर्स)* BOG

1.	प्रोफे. एन. वी. रमना राव, प्रभारी अध्यक्ष, शासी मंडल (BOG), NITW एवं निदेशक, NIT, वारंगल	अध्यक्ष
2.	श्री मदन मोहन अपर महानिदेशक (HE) MHRD, भारत सरकार, शास्त्री भवन, नई दिल्ली	सदस्य
3.	सुश्री दर्शना एम. डबराल, संयुक्त सचिव एवं वित्तीय सलाहकार उच्च शिक्षा विभाग, MHRD, भारत सरकार, शास्त्री भवन, नई दिल्ली	सदस्य
4.	प्रोफे. बी.एस. मूर्ति निदेशक, भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान, हैदराबाद; कंडी, संगारेड्डी	सदस्य
5.	प्रोफे. ए. रामचंद्रैया रसायन विज्ञान विभाग, राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी संस्थान, वारंगल	सदस्य (06.07.2019 तक)
6.	प्रोफे. के.वी. जयकुमार सिविल अभियांत्रिकी विभाग, राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी संस्थान, वारंगल	सदस्य (07.07.2019 से)
7.	श्री वी. एन. कामेश्वर राव एसोसिएट प्रोफेसर, सिविल अभियांत्रिकी विभाग राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी संस्थान, वारंगल	सदस्य
8.	प्रोफे. रवि कुमार पुली सदस्य सचिव, तेलंगाना राज्य विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी परिषद, (TSCOST), चौथी मंजिल, अरण्य भवन, सैफाबाद, हैदराबाद - 500 004	सदस्य
9.	श्री एस. गोवर्धन राव कुल सचिव, राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी संस्थान, वारंगल	सचिव

वित्त समिति *(द फाइनेंस कमिटी)* - FC

1.	प्रोफे. एन. वी. रमना राव, प्रभारी अध्यक्ष, वित्त समिति (FC), NITW एवं निदेशक, NIT, वारंगल	अध्यक्ष
2.	श्री मदन मोहन अपर महानिदेशक (HE) मानव संसाधन विकास मंत्रालय, भारत सरकार, शास्त्री भवन, नई दिल्ली - 110 115	सदस्य
3.	सुश्री दर्शना एम. डबराल संयुक्त सचिव एवं वित्तीय सलाहकार उच्च शिक्षा विभाग, MHRD, भारत सरकार, शास्त्री भवन, नई दिल्ली	सदस्य
4.	प्रोफे. ए. रामचंद्रैया रसायन विज्ञान विभाग, राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी संस्थान, वारंगल	सदस्य (06.07.2019 तक)
5.	प्रोफे. के.वी. जयकुमार सिविल अभियांत्रिकी विभाग, राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी संस्थान, वारंगल	सदस्य (07.07.2019 से)
6.	श्री एस. गोवर्धन राव कुल सचिव, राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी संस्थान, वारंगल	सदस्य सचिव

भवन कार्य समिति *(बिल्डिंग वर्क्स कमिटी)* - BWC

1.	प्रोफे. एन. वी. रमना राव, निदेशक, राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी संस्थान, वारंगल	अध्यक्ष
2.	सुश्री सुहासिनी गोटमारे निदेशक (NITs), उच्च शिक्षा विभाग, MHRD, भारत सरकार, नई दिल्ली	सदस्य
3.	श्री अनिल कुमार निदेशक, (वित्त), एकीकृत वित्त प्रभाग उच्च शिक्षा विभाग, MHRD, भारत सरकार, नई दिल्ली	सदस्य
4.	प्रोफे. पी. आनंद राज डीन (योजना एवं विकास), राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी संस्थान, वारंगल	सदस्य
5.	अधीक्षण अभियंता (विद्युत), HCEC, केंद्रीय लोक निर्माण विभाग, निर्माण भवन, सुल्तान बाजार, हैदराबाद प्रतिनिधित्व श्री पी. साई कोमरेश्वर, कार्यकारी अभियंता (E), HCED I, CPWD	सदस्य
6.	अधीक्षण अभियंता (सिविल) HCEC, केंद्रीय लोक निर्माण विभाग, निर्माण भवन, सुल्तान बाजार, हैदराबाद	सदस्य
7.	प्रोफे. रवि कुमार पुली सदस्य सचिव, तेलंगाना राज्य विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी परिषद, (TSCOST), चौथी मंजिल, अरण्य भवन, सैफाबाद, हैदराबाद	सदस्य
8.	श्री एस. गोवर्धन राव कुल सचिव, राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी संस्थान, वारंगल	सदस्य सचिव

निदेशक *(द डायरेक्टर)*

समग्र वित्तीय और प्रशासनिक शक्तियों के साथ निदेशक, संस्था के प्रमुख होते हैं।

अधिसभा *(द सीनेट)*

अध्यक्ष

प्रोफे. एन. वी. रमना राव

निदेशक, NITW एवं अध्यक्ष, सीनेट

सचिव

कुल सचिव *(रजिस्ट्रार)*

सदस्य (विभागवार)

सिविल अभियांत्रिकी

सी.बी.कामेश्वर राव
के.वी. जयकुमार
एन.वी. उमामहेश
पी. आनंद राज
डी. रामेसेशु
जी. राजेश कुमार
सी.एस.आर.के. प्रसाद
देवा प्रताप
एम. चंद्रशेखर
पी. रतिश कुमार
टी.डी. गुन्नेश्वरा राव
ई.वी.रत्नम
वी.रमना मूर्ति

विद्युत अभियांत्रिकी

एम. सिडुलु
डी.एम. विनोद कुमार
डी.वी.एस.एस. शिवा शर्मा
एन. सुब्रह्मण्यम
भगवान के. मूर्ति
एन. विश्वनाथन
वी.टी.सोमशेखर
एस. श्रीनिवासा राव
एम. शैलजा कुमारी

यांत्रिक अभियांत्रिकी

के. मधु मूर्ति
एल. कृष्णानंद
एस. श्रीनिवासा राव
पी. बंगारू बाबू
सी. गुरुराजा राव (15.07.2019 को सेवानिवृत्त)
ए. वेणुगोपाल

रासायनिक अभियांत्रिकी

वाई. पाइडीसेट्टी (31.03.2020 को सेवानिवृत्त)
सोनावणे शिरीष हरि
ए. वेणु विनोद
ए. शरत बाबू
के. आनंद किशोर

कंप्यूटर विज्ञान एवं अभियांत्रिकी

एस.जी. संजीवी
बी.बी. अंबेरकर
आर.बी.वी. सुब्रह्मण्यम
पीसिपति राधा कृष्णा

जैव प्रौद्योगिकी

पी. ओंकारा पेरुमल

गणित

वाई.एन. रेड्डी
के.एन.एस. काशीविश्वनाधम
जे.वी. रमना मूर्ति
देबाशीश दत्ता
डी. श्रीनिवासा चार्या

भौतिक विज्ञान

एल. रामगोपाल रेड्डी
आर.एल.एन. साई प्रसाद
के. वेणुगोपाल रेड्डी
डी. दिनकर

रसायन विज्ञान

ए. रामचंद्रैय्या
के. लक्ष्मा रेड्डी
वी. राजेश्वर राव

ए. नीलकंठेश्वर राव
जी. अम्बा प्रसाद राव
एन. सेल्वा राज
के.वी. साई श्रीनाध
आर. नरसिम्हा राव
अदेपु कुमार
वी. सुरेश बाबू

इलेक्ट्रॉनिक्स एवं संचार अभियांत्रिकी
टी. किशोर कुमार
एल.अंजनेयुलु
एन. भीमा राव
सी.बी. रामाराव

धातुकर्मीय एवं पदार्थ अभियांत्रिकी
जी.वी.एस. नागेश्वर राव
एन. नरसैय्या

के.वी. गोबी
पी. वेंकट श्री लक्ष्मी

मानविकी एवं सामाजिक विज्ञान
डी.एस. केशव राव (30.09.2019 को सेवानिवृत्त)

प्रबंध विद्यालय (SOM)
एम. रविन्द्र रेड्डी

शारीरिक शिक्षा
पी. रवि कुमार
आर. दयानिधि
पी.मधुसुधन रेड्डी

प्रतिनियुक्ति पर माननीय अभिसभासद *(सीनेटर)*

प्रोफे. च.एस. प्रकाशा राव, यांत्रिकी अभियांत्रिकी विभाग	निदेशक, NIT, आंध्र प्रदेश
प्रोफे. पी. रवि कुमार, यांत्रिकी अभियांत्रिकी विभाग	सदस्य सचिव, TSCOST, तेलंगाना सरकार
प्रोफे. डी.वी.एल.एन. सोमायाजुलु कंप्यूटर विज्ञान व अभियांत्रिकी विभाग	निदेशक, IIITDM, कुरनूल
प्रोफे. एन.एन.एस.एन. शर्मा इलेक्ट्रॉनिक्स एवं संचार अभियांत्रिकी विभाग	निदेशक, IIIT, त्रिची

डीन की समिति

डीन की समिति दैनंदिनी प्रशासन में निर्णय लेने में निदेशक की सहायता करती है।

द डीन्स

6 डीन निदेशक की सहायता करते हैं, नामतः डीन (अनुसंधान व परामर्श), डीन (अकादमिक), डीन (संकाय कल्याण), डीन (आयोजना व विकास), डीन (छात्र कल्याण) और डीन (अंतरराष्ट्रीय संबंध व भूतपूर्व छात्र मामलें)। दैनंदिनी गतिविधियों में डीन की सहायता करने के लिए एसोसिएट डीन होते हैं।

विभागाध्यक्ष

विभागाध्यक्ष अपने विभाग से संबंधित सभी मामलें संभालते हैं।

कुल सचिव *(द रजिस्ट्रार)*

कुल सचिव, संस्थान के शिक्षणेत्तर कर्मचारियों के प्रमुख हैं। उन्हें उप कुल सचिवों से सहायता मिलती है जिनकी मदद सहायक कुल सचिव करते हैं।

मुख्य छात्रावास अधीक्षक *(चीफ वार्डन)*

चीफ वार्डन छात्रों के छात्रावासों के प्रमुख होते हैं। उन्हें वार्डन की एक टीम द्वारा सहायता दी जाती है।

अन्य समितियां

a). डीन की समिति :

निदेशक समिति के अध्यक्ष, रजिस्ट्रार सचिव एवं सभी डीन इसके सदस्य होते हैं।

b). छात्रावास परामर्श परिषद / *द हॉस्टल एडवाइजरी कॉउन्सिल* (H.A.C.) :

1. निदेशक	:	अध्यक्ष
2. कुल सचिव	:	सदस्य
3. डीन (छात्र कल्याण)	:	सदस्य
4. डीन (संकाय कल्याण)	:	सदस्य
5. डीन (अंतरराष्ट्रीय संबंध व भूतपूर्व छात्र मामलें)	:	सदस्य
6. डीन (आयोजना व विकास)	:	सदस्य
7. डीन (अकादमिक)	:	सदस्य
8. चीफ वार्डन	:	संयोजक

वार्डन प्रतिनिधि :

1. उप मुख्य वार्डन	:	सदस्य
2. उप मुख्य वार्डन (प्रियदर्शिनी मेस)	:	सदस्य
3. उप मुख्य वार्डन (वार्डन मेस)	:	सदस्य
4. वार्डन IFC-C	:	सदस्य
5. वार्डन (ब्लॉक - 1.8 K)	:	सदस्य
6. वार्डन (ब्लॉक – 11)	:	सदस्य
7. वार्डन (ब्लॉक - 1 K)	:	सदस्य
8. वार्डन (न्यू LH)	:	सदस्य
9. वार्डन (ब्लॉक - 1K)	:	सदस्य

छात्र प्रतिनिधि :

1. मेस सचिव	:	सदस्य
2. LH प्रतिनिधि	:	सदस्य

विशेष आमंत्रित :

1. प्रोफेसर प्रभारी E&MU	:	सदस्य
2. चिकित्सा अधिकारी	:	सदस्य
3. कार्यकारी अभियंता (E&MU)	:	सदस्य

c). विभागीय अकादमिक समिति – पूर्वस्नातक / *अंडरग्रेजुएट* (DAC UG) :

1. विभागाध्यक्ष	:	अध्यक्ष
2. विभाग के दो प्रोफेसर (बारी-बारी से दो वर्ष के लिए)	:	सदस्य
3. विभाग के दो एसोसिएट प्रोफेसर	:	सदस्य
4. दो असिस्टेंट प्रोफेसर (बारी-बारी से दो वर्ष के लिए)	:	सदस्य

टिप्पणी :

1. विभागाध्यक्ष किसी एक सदस्य को सचिव मनोनीत करेंगे।
2. बी.टेक. पाठ्यक्रम के शिक्षण में शामिल प्रत्येक विभाग के लिए एक DAC-UG होगा।
3. पाठ्यचर्या तैयार करते समय / अथवा पाठ्यचर्या में संशोधन करते समय, अध्यक्ष बाह्य विशेषज्ञों सहित अधिक सदस्यों को सहयोजित और / अथवा आमंत्रित कर सकते हैं।

कार्य :

1. विभाग द्वारा चलाए जा रहे सभी स्नातक पाठ्यक्रमों व UG प्रोग्राम के कोर्स कार्य के संचालन को मॉनिटर करना।

2. विभाग द्वारा प्रदान किए जाने वाले पाठ्यक्रमों के अकादमिक मानकों व उत्कृष्टता को सुनिश्चित करना।
3. विभाग द्वारा संचालित स्नातक पाठ्यक्रमों के लिए पाठ्यक्रम विकसित करना व इसकी अनुशंसा बोर्ड ऑफ स्टडीज को करना।
4. ग्रेड्स की समीक्षा और अनुमोदन करना।
5. छात्रों के पंजीकरण को समेकित करना एवं कोर्स प्रशिक्षकों व डीन (अकादमिक मामलें) को इसकी जानकारी देना।
6. विभाग के स्नातक कार्यक्रम से संबंधित किसी भी मामले पर विचार करना।
7. सीनेट या सीनेट के अध्यक्ष या बोर्ड ऑफ स्टडीज के अध्यक्ष द्वारा सौंपे गए किसी भी दायित्व या कार्य को करना।
8. परीक्षाओं में कदाचार की जांच करना और डीन, अकादमिक मामलें को उपयुक्त अनुशंसा प्रस्तुत करना।

d). विभागीय अकादमिक समिति –स्नातकोत्तर व अनुसंधान (DAC PG&R) :

1.	विभागाध्यक्ष	:	अध्यक्ष
2.	विभाग के दो प्रोफेसर (बारी-बारी से दो वर्ष के लिए)	:	सदस्य
3.	विभाग के दो एसोसिएट प्रोफेसर (बारी-बारी से 2 वर्ष हेतु)	:	सदस्य
4.	पीएच.डी. उपाधि धारक विभाग के दो असिस्टेंट प्रोफेसर	:	सदस्य

टिप्पणी :

1. विभागाध्यक्ष किसी एक सदस्य को सचिव मनोनीत करेंगे।
2. किसी भी PG उपाधि पाठ्यक्रम के शिक्षण में शामिल प्रत्येक विभाग के लिए एक DAC-PG&R होगा।
3. पाठ्यचर्या तैयार करते समय / अथवा पाठ्यचर्या में संशोधन करते समय, अध्यक्ष बाह्य विशेषज्ञों सहित अधिक सदस्यों को सहयोजित *(को-ऑप्ट)* और / अथवा आमंत्रित कर सकते हैं।

कार्य :

1. विभाग द्वारा चलाए जा रहे सभी स्नातकोत्तर पाठ्यक्रमों व पीएच.डी. कार्यक्रम के कोर्स कार्य के संचालन को मॉनिटर करना।
2. विभाग द्वारा प्रदान किए जाने वाले पाठ्यक्रमों के अकादमिक मानकों व उत्कृष्टता को सुनिश्चित करना।
3. विभाग द्वारा संचालित स्नातकोत्तर पाठ्यक्रमों के लिए पाठ्यक्रम विकसित करना एवं इसकी अनुशंसा बोर्ड ऑफ स्टडीज को करना।
4. ग्रेड्स की समीक्षा और अनुमोदन करना।
5. स्नातकोत्तर एवं पीएच.डी. छात्रों के पंजीकरण को समेकित करना एवं कोर्स प्रशिक्षकों व डीन (अकादमिक मामलें) को सूचित करना।
6. विभाग के स्नातकोत्तर कार्यक्रम (मों) व पीएच.डी. कार्यक्रम से संबंधित किसी भी मामले पर विचार करना एवं बोर्ड ऑफ स्टडीज को उपयुक्त अनुशंसा प्रस्तुत करना।
7. विभाग के सभी अभ्यर्थियों के अनुसंधान की प्रगति को मॉनिटर करना।
8. डॉक्टरेट संवीक्षा समिति (डॉक्टरल स्क्रूटिनी कमिटी) की अनुशंसाओं एवं DSC द्वारा अनुशंसित बाह्य परीक्षकों के पैनल को डीन (अकादमिक मामलों) को अग्रेषित करना।
9. सीनेट या सीनेट अध्यक्ष या बोर्ड ऑफ स्टडीज के अध्यक्ष द्वारा सौंपे गए किसी भी दायित्व या कार्य करना ।

e). डॉक्टरेट संवीक्षा समिति / डॉक्टरल स्क्रूटिनी कमिटी (DSC) :

1.	विभागाध्यक्ष	:	अध्यक्ष
2.	अनुसंधान पर्यवेक्षक	:	सदस्य एवं सचिव
3.	सह-पर्यवेक्षक	:	सदस्य
4.	विभाग के दो संकाय सदस्य	:	सदस्य
5.	संबद्ध विभाग का एक संकाय सदस्य	:	सदस्य

टिप्पणी : यदि अनुसंधान पर्यवेक्षक विभागाध्यक्ष हैं, तो विभाग के एक अन्य संकाय सदस्य को DSC में शामिल किया जाना चाहिए।

कार्य :

1. अभ्यर्थी का कोर्स कार्य को तैयार करना ।
2. अनुसंधान पर्यवेक्षक (कों) द्वारा तैयार स्व-अध्ययन के पाठ्यविवरणों/सिलेबाई (यदि कोई हो) की संवत्ओं की जांच करना और इसे डीन (अकादमिक मामलें) को भेजना ।
3. प्रत्येक पाठ्यक्रम में अभ्यर्थी की ग्रेड को अंतिम रूप देना और इसे डीन (अकादमिक मामलें) को अग्रेषित करना ।
4. अभ्यर्थी की प्रगति की हर 6 माह में एक बार समीक्षा करना व प्रगति रिपोर्ट डीन (अकादमिक मामलें) को भेजना।
5. अभ्यर्थी के शोध प्रस्ताव का आकलन और अनुमोदन करना ।
6. पूर्व-शोधरूपरेखा (प्री-सिनोप्सिस) संगोष्ठी में कार्य की पर्याप्तता का आकलन और अनुमोदन करना और विभागीय अनुसंधान समिति के माध्यम से डीन (अकादमिक मामलें) को सूचित करना ।
7. बाह्य परीक्षक के साथ मौखिक परीक्षा बोर्ड (विवा वोस बोर्ड) के सदस्यों के रूप में कार्य करना और मौखिक परीक्षा रिपोर्ट प्रस्तुत करना ।

f). भंडार क्रय समिति *(स्टोर्स परचेस कमिटी)* :

1. डीन (अनुसंधान एवं परामर्श)	:	अध्यक्ष
2. बोर्ड सदस्य (आंतरिक) – दो	:	सदस्य
3. कुल सचिव	:	सदस्य
4. संबंधित विभाग अध्यक्ष	:	सदस्य
5. प्रधान अन्वेषक, परियोजना के मामले में	:	सदस्य
6. उप कुल सचिव (केंद्रीय भंडार)	:	संयोजक

g). अनुशासनात्मक समिति :

1. निदेशक	:	अध्यक्ष
2. डीन (R&C)	:	सदस्य
3. डीन (AA)	:	सदस्य
4. डीन (FW)	:	सदस्य
5. डीन (SW)	:	सदस्य
6. डीन (P&D)	:	सदस्य
7. कुल सचिव	:	सदस्य व सचिव

h). आवास समिति :

1. कुल सचिव एवं सम्पदा अधिकारी	:	अध्यक्ष
2. एसोसिएट डीन (वर्क्स)	:	सदस्य
3. उप कुल सचिव	:	सदस्य

i). पुस्तकालय सलाहकार समिति / *लायब्रेरी एडवाइजरी कमिटी* :

1. डीन (अकादमिक)	:	अध्यक्ष
2. कुल सचिव	:	सदस्य
3. प्रत्येक अकादमिक विभाग से HoD द्वारा मनोनीत एक फ़ैकल्टी	:	सदस्य
4. UG, PG व Ph.D. से एक-एक छात्र	:	सदस्य
5. पुस्तपाल (लायब्रेरियन)	:	सदस्य-सचिव

j). संस्थान डिस्पेंसरी :	डीन (अकादमिक)	:	प्रभारी
k). खेल समिति *(गेम्स कमिटी)* :	प्रोफे. डी. दिनकर	:	अध्यक्ष
l). एससी / एसटी प्रकोष्ठ	डॉ. ए. बेनर्जी बाबू	:	समन्वयक
m). अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ	डॉ. आर.एस. सेल्वराज	:	समन्वयक

n). आंतरिक शिकायत समिति

डॉ. बी. लक्ष्मी	:	अध्यक्षा
कुल सचिव	:	सदस्य
डॉ. सी. वनीता	:	सदस्य
सुश्री रुही फातिमा	:	
सचिव, मानवाधिकार एवं अपराध नियंत्रण परिषद	:	सदस्य
डॉ. जे. प्रणिता	:	सदस्य

o). दिव्यांग जन प्रकोष्ठ डॉ. वी. रामा : समन्वयक

p). OBC प्रकोष्ठ डॉ. वी. वैंकट मणि : समन्वयक

q). कानूनी प्रकोष्ठ कुल सचिव : प्रभारी

r). प्रशासनिक एवं अन्य अधिकारी

क्रम सं.	नाम	पदनाम	विभाग / अनुभाग
1.	श्री एस गोवर्धन राव	कुल सचिव	कुल सचिव कार्यालय
2.	प्रो. डी.वी.एस. शिवा शर्मा	डीन (संकाय कल्याण)	डीन का कार्यालय
3.	प्रोफे. जी. राजेश कुमार	डीन (अनुसंधान व परामर्श)	डीन का कार्यालय
4.	प्रोफे. वाई. पायडिशेट्टी	डीन (अकादमिक) (29.01.2020 तक)	डीन का कार्यालय
5.	प्रोफे. ए. वेणु गोपाल	डीन (अकादमिक) (30.01.2020 से)	डीन का कार्यालय
6.	प्रोफे. पी. आनंद राज	डीन (योजना एंव विकास) (29.12.2019 तक)	डीन का कार्यालय
7.	प्रोफे. पी बंगारू बाबू	डीन (योजना एवं विकास) (30.12.2019 से)	डीन का कार्यालय
8.	प्रोफे. एल. रामगोपाल रेड्डी	डीन (छात्र कल्याण) (05.01.2020 तक)	डीन का कार्यालय
9.	प्रोफे. जे.वी. रमना मूर्ति	डीन (छात्र कल्याण) (06.01.2020 से)	डीन का कार्यालय
10.	प्रोफे. के.वी. जय कुमार	डीन (IR&AA) (29.01.2020 तक)	डीन का कार्यालय
11.	प्रोफे. एन. सेल्वराज	डीन (IR&AA) (30.01.2020 से)	डीन का कार्यालय
12.	डॉ.एस. श्रीनाथ	एसोसिएट डीन	अकादमिक (ऑडिट)
13.	डॉ. ए. प्रकाशा राव	एसोसिएट डीन	अकादमिक (UG)
14.	डॉ.पी. हरि प्रसाद रेड्डी	एसोसिएट डीन	अकादमिक (PG)
15.	श्री आर. मोहन	एसोसिएट डीन (19.07.2019 को देहांत)	लेखा
16.	डॉ. जी. सुनिता	एसोसिएट डीन (25.09.2019 से 05.12.2019 तक)	लेखा
17.	श्री वाई.के. श्रीनाथ	विशेष कार्य अधिकारी	लेखा
18.	श्रीमती ए. जयकृष्णा	विशेष कार्य अधिकारी (03.10.2019 तक)	प्रशासन
19.	श्री एन. श्रीनिवास	उप कुल सचिव (31.10.2019 से)	प्रशासन
20.	डॉ. ई. वेंकट रत्नम	एसोसिएट डीन	परीक्षा
21.	श्री जी. रमेश	कार्यपालक अभियंता	P.E. कार्यालय
22.	श्री आर. वीरस्वामी	वरिष्ठ तकनीकी अधिकारी	MED
23.	श्री के. येला स्वामी	तकनीकी अधिकारी	MED
24.	श्री एस. चंद्रशेखर	उप कुल सचिव	केंद्रीय भंडार
25.	श्री पी. भार्गव रेड्डी	तकनीकी अधिकारी	CS&E
26.	डॉ. कार्तिक चिंताला	चिकित्सा अधिकारी (04.07.2019 से)	संस्थान स्वास्थ्य केंद्र
27.	डॉ. कार्तिक अंचूरी	चिकित्सा अधिकारी (26.08.2019 से)	संस्थान स्वास्थ्य केंद्र
28.	डॉ. प्रदीप डोड्डा	चिकित्सा अधिकारी (18.07.2019 से)	संस्थान स्वास्थ्य केंद्र

s). शिक्षणेतर स्टॉफ

क्रम सं.	नाम व पदनाम
	वरिष्ठ अधीक्षक
1.	राजू जी.
	अधीक्षक
1.	सामल पी. (30.06.2019 को सेवानिवृत्त)
2.	साम्बा मूर्ति एम.
3.	जफर मौहम्मद
4.	गोपीनाथ आर.
5.	कुरैशी ए.ए.
	सहायक (एसजी-II)
1.	परशुरामुलु आर.
2.	श्रीधर राव एम.
3.	भास्कर जे.
4.	जय सिंह ए.
5.	दिलीप कुमार टी.
6.	प्रेम कुमार पी.
7.	नरेन्द्र वी.
8.	श्रीनिवास राव के.
9.	सुरेश वी.
10.	अलीउल्लाशा खादर मौहम्मद
11.	महेश कुमार वाई.
12.	हाइमावती पी.
13.	वेद प्रकाश जी.
14.	श्रीनिवास आर.
	वरिष्ठ सहायक
1.	दयाकर पी.
2.	भास्कर टी.
3.	सोमेश्वर राव ए.
4.	सुश्री हुस्ना
5.	पद्मजा जी.
6.	किरण कुमार ए.
7.	अश्विन कुमार डी.
8.	डॉ नानू लूणावत
9.	इंदिरा प्रियदर्शनी बी.
10.	श्रीनिवास टी.
11.	डॉ मांगीलाल बी.
12.	राजन्ना एम.
13.	जगदीश कुमार ए.

क्रम सं.	नाम व पदनाम
	सहायक (एसजी-I)
1.	प्रकाश एस.एस.
2.	कुमार पाशा एस.ए.
3.	शमशुल हुसैन मौहम्मद
4.	बाला सुब्रमण्यम जी.
5.	शिव कुमार पी.
6.	रामाराव ए.
7.	श्रीनिवास रेड्डी एम.
8.	संजीवा एम.
9.	किरण कुमार टी.
10.	सदर लाल एम.
11.	अफजल मौहम्मद
12.	नागेंदर राव के.
13.	श्यामला जे.
14.	वैंकटेश्वरलु एस.
	कनिष्ठ सहायक
1.	रमेश डी.
2.	वारा प्रसाद ए.
3.	भास्कर पी.
4.	शौकत अली मौहम्मद
5.	राजेंद्र प्रसाद पी.
6.	सुरेश कुमार एम.
7.	श्रीनिवास जे.
8.	जफर मौहम्मद
	वरिष्ठ स्टेनोग्राफर
1.	रेणुका डी.
2.	अशोक कुमार पी.

क्रम सं.	नाम व पदनाम
	तकनीकी सहायक एसजी-II
1.	रमीजा बी के.
	तकनीकी सहायक
1.	रमेश के.
	तकनीशियन (एसजी-I)
1.	श्रीनिवास बी.
2.	सूर्यनारायण टी.
3.	हरिनाथ एन.
4.	चंद्र मूर्ति वी.
5.	नागभूषणम ए.
6.	नरसिंहा एम.
7.	वैंकटेश्वरलु वी.
8.	रमेश के. (जूनियर)
9.	लक्ष्मण ए.
10.	वीरन्ना टी.
	वरिष्ठ तकनीशियन
1.	वीरैय्या डी.
2.	सम्बय्या वी.
3.	रमेश एम.
4.	राजामौली ए.
5.	रामुलु बी.
6.	कुमारस्वामी एम.
7.	शंकरैय्या एम.
8.	शंकरैय्या जी.

क्रम सं.	नाम व पदनाम
	वरिष्ठ तकनीकी सहायक
1.	करुणा रानी एम.
2.	अपर्णा टी.
3.	गोविंदा राव डी.
4.	पद्मा श्री के. एस. एस. एस.
5.	ज्ञानेश्वर डी.
6.	रंगीलाल बी.
	सहायक अभियंता
1.	सरदार सिंह एम.
	तकनीशियन (एसजी- II)
1.	पुरुषोत्तम के.
2.	रामचंदर वाई.
3.	परसु रामुलु के.
4.	सुधाकर एन.
5.	वेणुगोपाल एस.
6.	श्रीनिवासुलु एन.
7.	रविंदर आर.
8.	रवि एस.
9.	वीरन्ना टी.
10.	वीरेंदर वी.
11.	चंद्र नारायण ए.
12.	विजय कुमार के.
13.	आनंद सिंह के.
14.	महेंद्र कुमार के.
15.	सुनील कुमार डी.
16.	देवेंदर बी.
	कार्य सहायक
	संतोष जी.
	रमेश ए.

क्रम सं.	नाम व पदनाम **कनिष्ठ सहायक (उन्नयित / *अपग्रेडेड*)**
1.	रमेश ए.
2.	आनंदम जी.
3.	रमेश बाबू च.
4.	किशोर कुमार एन.
5.	अकबर मौहम्मद
6.	हीरूलाल पी.
7.	बिक्षापति वाई.
8.	फारूक आजम मौहम्मद
9.	नारायणा जी.
10.	कमला के.
11.	कुमार स्वामी एम.
12.	कृष्णा वेनी पी.
13.	राजेन्दर के.
14.	सोमैय्या जी.
15.	सम्बैय्या जी.
16.	संजीवैय्या के.
17.	बालाजी सिंह टी. (31.05.2019 को सेवानिवृत्त)
18.	गौरी शंकर जी.
19.	सम्बैय्या ए.
20.	तिरुपति बी.
21.	श्रीहरि जी.
22.	इंकशाफ अली मौहम्मद
23.	श्रीधर कुमार जी.
24.	रमेश वी.
25.	अब्दुल गफ्फार मौहम्मद
26.	रविंदर एम.
27.	ईश्वर पी.
28.	बिक्षापति ए.
29.	नरसिंहूलू एन.
30.	श्रीकांत पी.
31.	नरसैय्या जे.
32.	अरुणा मेरी डी.
33.	शाहीन बेगम
34.	जहीरुद्दीन मौहम्मद

क्रम सं.	नाम व पदनाम **तकनीशियन (उन्नयित / *अपग्रेडेड*)**
1.	राजैय्या के.
2.	श्रीनिवास ए.
3.	मल्लिकार्जुन के.
4.	सरैय्या जी. (31.12.2019 को सेवानिवृत्त)
5.	जुमानी एल.
6.	ताकुर बी (29.02.2020 को सेवानिवृत्त)
7.	इलैय्या पी. (09.08.2019 को देहांत)
8.	कोमुरैय्या के. (30.06.2019 को सेवानिवृत्त)
9.	वीरस्वामी जी. (30.6.2019 को सेवानिवृत्त)
10.	दयाकर वाई.
11.	नागमणि वी.
12.	हुसैन मौह. (29.02.2020 को सेवानिवृत्त)
13.	सरैय्या पी.
14.	यादिमल्लू पी.
15.	मुरली कृष्णा के.
16.	लक्ष्मी टी.
17.	वेंकटम्मा के.
18.	राजम्मा जे.
19.	राजन्ना जे.
20.	इलैय्या आर.
21.	साजीदा खातून
22.	सुरैय्या बी.
23.	जयश्री बी.
24.	प्रताप जी.
25.	मुरली जी.
26.	सरैय्या जी. (30.06.2019 को सेवानिवृत्त)
27.	वेंकटैया टी. (30.06.2019 को सेवानिवृत्त)
28.	यागिरि सी. (30.06.2019 को सेवानिवृत्त)
29.	वीरैय्या के. (30.06.2019 को सेवानिवृत्त)
30.	सैलू टी.
31.	याकैय्या जे.
32.	याकूब बी. (31.03.2020 को सेवानिवृत्त)
33.	कुमारा स्वामी ए.

क्रम सं.	नाम व पदनाम
	केयरटेकर / *अवधायक* (एसजी-I)
1.	वैंकटेश्वरलु ई.
2.	दास्तागिर मौहम्मद
3.	वैकुंट्टम के. (30.06.2019 को सेवानिवृत्त)
4.	कोमरैय्या जे.
5.	बीरैय्या जी.
6.	महबूब मौहम्मद
7.	मौहम्मद अमीर
8.	नागेश्वर राव जी.
9.	वेंकटस्वामी एन.
10.	शंकरैय्या के. (29.02.2020 को सेवानिवृत्त)
11.	सम्मैय्या पी.
12.	इलैय्या एम.
13.	बाबू राव एम. (30.04.2019 को सेवानिवृत्त)
14.	रामुलु एन.
15.	इलैय्या ए.
	केयरटेकर / *अवधायक* (एसजी-II)
1.	इलैय्या जी.
2.	कृष्णा स्वामी एन.
3.	सम्बैय्या जी.
4.	चंद्रु जी.
5.	सदानंदम बी.
6.	कुमारा स्वामी बी.
7.	येलैय्या एस.
8.	अजीज़ खान मौहम्मद
9.	राजू के.
10.	सम्बैय्या गिल्लापल्ली
11.	रामुलु एन.
12.	अफजल पाशा मौहम्मद
13.	सम्मैय्या पी. (30.06.2019 को सेवानिवृत्त)

क्रम सं.	नाम व पदनाम
	सीनियर केयरटेकर *(वरिष्ठ अवधायक)*
1.	रवि एम.
2.	वैंकटम्मा बी. (30.06.2019 को सेवानिवृत्त)
3.	तिरुपति टी.
4.	लाल जी.
5.	कुमारा स्वामी के.
6.	कुमार पी.
7.	कुमार बी.
8.	कुमारा स्वामी जी.
9.	सदानंदम बी.
10.	सैलू ई.
11.	सम्मैय्या एन.
12.	चिरालू एम.
13.	वीरैय्या के.
14.	प्रसाद एस.
15.	वैंकटैय्या
16.	दामोदर रेड्डी वी.
17.	सुवर्णा एन.
18.	निर्मला आर.
19.	रमेश टी
	परिचारक / *अटेंडेंट*
	अशोक के.

7. अकादमिक कार्यक्रम

संस्थान निम्नलिखित स्नातक, स्नातकोत्तर एवं डॉक्टरेट पाठ्यक्रम चलाता है –
बी. टेक., एम. टेक., एम. एससी., एम. एससी. (टेक), एमसीए, एमबीए एवं पीएच.डी.


8. उपलब्ध पाठ्यक्रम

स्नातक पाठ्यक्रम (बी. टेक.)


स्नातक (बी. टेक. डिग्री) कार्यक्रम निम्नलिखित विषयों में पाठ्यक्रम संचालित करने वाले संबंधित विभाग द्वारा चलाए जाते हैं :

शाखा	वर्तमान वर्ष की स्वीकृत प्रवेश संख्या	अतिरिक्त संख्या	DASA	आरंभ होने का वर्ष
सिविल अभियांत्रिकी	115	9	22	1959
विद्युत एवं इलेक्ट्रॉनिक्स अभियांत्रिकी	136	10	24	1959
यांत्रिक अभियांत्रिकी	137	14	23	1959
इलेक्ट्रॉनिक्स एवं संचार अभियांत्रिकी	136	10	24	1971
धातुकर्मीय एवं पदार्थ अभियांत्रिकी	78	6	5	1965
रासायनिक अभियांत्रिकी	115	10	11	1964
कंप्यूटर विज्ञान एवं अभियांत्रिकी	136	9	24	1983
ज़ेव प्रौद्योगिकी	77	6	5	2006
कुल सीटें	**930**	**74**	**138**	**-**

प्रत्येक अकादमिक वर्ष में दाखिल किए गए बी.टेक. छात्रों की कुल संख्या



बी.टेक. छात्रों का विभागवार वितरण (2019-20)




सहायक विभाग हैं :

i) गणित
ii) भौतिक विज्ञान
iii) रसायन विज्ञान
iv) प्रबंध विद्यालय
v) मानविकी एवं सामाजिक विज्ञान


अभियांत्रिकी में स्नातकोत्तर पाठ्यक्रम : एम.टेक.

विभाग एवं विशिष्टीकरण	वर्तमान वर्ष प्रवेश संख्या	आरंभ होने का वर्ष
सिविल अभियांत्रिकी / *सिविल इंजीनियरिंग*		
1. अभियांत्रिकीय संरचनाएं / *इंजीनियरिंग स्ट्रक्चर्स*	32	1967
2. भू-तकनीकी अभियांत्रिकी / *जियो-टेक्निकल इंजीनियरिंग*	31	1964
3. परिवहन अभियांत्रिकी / *ट्रांसपोर्टेशन इंजीनियरिंग*	32	1968
4. जल संसाधन अभियांत्रिकी / *वॉटर रिसोर्सेस इंजीनियरिंग*	31	1964
5. सुदूर संवेदन *(रिमोट सेंसिग)* एवं GIS	31	2000
6. पर्यावरण अभियांत्रिकी / *एनवायरनमेंटल इंजीनियरिंग*	31	2004
7. निर्माण तकनीक एवं प्रबंधन / *मैन्युफैक्चरिंग टेक्निक & मैनेजमेंट*	32	2008
विद्युत अभियांत्रिकी / *इलेक्ट्रिकल इंजीनियरिंग*		
1. पॉवर इलेक्ट्रॉनिक्स एवं ड्राइव	48	1964
2. पॉवर सिस्टम्स अभियांत्रिकी / *इंजीनियरिंग*	47	1964
यांत्रिक अभियांत्रिकी / *मैकेनिकल इंजीनियरिंग*		
1. तापीय अभियांत्रिकी / *थर्मल इंजीनियरिंग*	23	1964
2. विनिर्माण अभियांत्रिकी / *मैन्युफैक्चरिंग इंजीनियरिंग*	23	1966
3. कंप्यूटर समेकित विनिर्माण / *कंप्यूटर इंटीग्रेटेड मैन्युफैक्चरिंग*	21	2000
4. मशीन डिजाइन	23	2000
5. ऑटोमोबाइल अभियांत्रिकी / *इंजीनियरिंग*	21	2008
6. पदार्थ व तंत्र अभियांत्रिकी डिजाइन/मटेरियल्स & सिस्टम इंजीनियरिंग डिजाइन	15	2013
7. योजक विनिर्माण / *एडिटिव मैन्युफैक्चरिंग*	12	2014
इलेक्ट्रॉनिक्स एवं संचार अभियांत्रिकी / *इलेक्ट्रॉनिक्स एंड कम्युनिकेशन इंजीनियरिंग*		
1. इलेक्ट्रॉनिक इंस्ट्रूमेंटेशन	26	1966
2. VLSI सिस्टम डिजाइन	24	2001
3. उन्नत संचार प्रणाली / *एडवांस्ड कम्युनिकेशन सिस्टम*	30	2006
धातुकर्मीय एवं पदार्थ अभियांत्रिकी / *मेटलर्जिकल एंड मटेरियल्स इंजीनियरिंग*		
1. औद्योगिक धातुकर्म / *इंडस्ट्रियल मेटलर्जी*	25	1983
2. पदार्थ प्रौद्योगिकी / *मटेरियल्स टेक्नोलॉजी*	30	2008
रासायनिक अभियांत्रिकी / केमिकल इंजीनियरिंग		
1. रासायनिक अभियांत्रिकी	25	1968
2. प्रक्रम नियंत्रण / *प्रॉसेस कंट्रोल*	25	2016
कंप्यूटर विज्ञान एवं अभियांत्रिकी / *कंप्यूटर साइंस एंड इंजीनियरिंग*		
1. कंप्यूटर विज्ञान एवं अभियांत्रिकी	25	1987
2. कंप्यूटर विज्ञान व सूचना सुरक्षा / *कंप्यूटर साइंस & इनफोर्मेशन सिक्योरिटी*	25	2008
3. एमसीए (मास्टर ऑफ कंप्यूटर एप्लीकेशन)	58	1986
प्रबंध विद्यालय / *स्कूल ऑफ मैनेजमेंट*		
1. मास्टर ऑफ बिजनेस एडमिनिस्ट्रेशन	75	2000


प्रत्येक अकादमिक वर्ष में दाखिल किए गए एम.टेक. छात्रों की कुल संख्या



एम.टेक. छात्रों का विभागवार वितरण (2019-20)



प्रत्येक अकादमिक वर्ष में दाखिल किए गए एमबीए छात्रों की कुल संख्या




विज्ञान में स्नातकोत्तर कार्यक्रम : एम.एससी. / एम.एससी. (टेक)

गणितशास्त्र ..... एम.एससी.		
1. अनुप्रयुक्त गणित / *एप्लाइड मैथेमैटिक्स*	30	1970
2. गणित एवं वैज्ञानिक कंप्यूटिंग	30	2001
भौतिक विज्ञान ..... एम.एससी. (टेक)		
3. अभियांत्रिकी भौतिकी / *इंजीनियरिंग फिजिक्स* (फोटोनिक्स, इलेक्ट्रॉनिक्स एवं इंस्ट्रूमेंटेशन विशिष्टीकरण)	60	1970
रसायन विज्ञान ..... एम.एससी.		
4. कार्बनिक रसायन / *ऑर्गेनिक केमिस्ट्री*	30	1977
5. वैश्लेषिक रसायन / *एनालिटिकल केमिस्ट्री*	30	1999

डॉक्टरेट कार्यक्रम (पीएच.डी. उपाधि के लिए) निम्नलिखित में उपलब्ध हैं –

a). अभियांत्रिक और प्रौद्योगिकी की सभी शाखाएं
b). विज्ञान (गणित, भौतिकी और रसायन विज्ञान)
c). मानविकी और सामाजिक विज्ञान
d). प्रबंधन / *मैनेजमेंट*



9. प्रवेश प्रक्रिया

बी.टेक. में प्रवेश

बी. टेक. में प्रवेश, भारतीय नागरिकों के लिए JEE मुख्य परीक्षा में छात्रों के प्रदर्शन के आधार पर और NRIs के लिए DASA योजना के तहत CCB (केंद्रीय परामर्श बोर्ड) के दिशानिर्देशों का पालन करते हुए दिए जाते हैं । CCB, MHRD भारत सरकार के निर्देशन में और राष्ट्रीय सूचना-विज्ञान केंद्र (NIC), CBSE व प्रतिभागी संस्थानों (PIs) के पूर्ण सहयोग के साथ कार्य करता है । प्रवेश के नियम एवं विनियम समय-समय पर बदलते रहते हैं । प्रक्रिया में मुख्य चरण प्रवेश परीक्षा (JEE मुख्य), ऑफ-लाइन काउंसलिंग, ऑन- लाइन काउंसलिंग और प्रवेश हैं ।

AIEEE के द्वारा प्रवेश के दो तरीके होंगे अर्थात (a) अर्हता प्राप्त आ.प्र. राज्य पूल (b) अर्हता प्राप्त राष्ट्रीय पूल । उनमें सीटों का आरक्षण सरकार के मानदंडों के अनुसार है । उनके अलावा मंत्रालय/ICCR आदि की अनुशंसाओं के अनुसार DASA कार्यक्रम के तहत छात्रों को प्रवेश दिया जाता है ।

बी.टेक. कार्यक्रम संरचना

बी.टेक. उपाधि कार्यक्रम के लिए समग्र पाठ्यक्रम पैकेज में आम तौर पर निम्नलिखित घटक होते हैं -

a). मौलिक विज्ञान मूल पाठ्यक्रम ≥ 20 क्रेडिट्स
b). अन्य अभियांत्रिकी मूल पाठ्यक्रम ≥ 28 क्रेडिट्स
c). मानविकी एवं सामाजिक विज्ञान मूल पाठ्यक्रम ≥ 7 क्रेडिट्स
d). कार्यक्रम का मूल पाठ्यक्रम ≥ 81 क्रेडिट्स
e). विभागीय ऐच्छिक पाठ्यक्रम ≥ 18 क्रेडिट्स
f). मुक्त ऐच्छिक पाठ्यक्रम/ *ओपन इलेक्टिव कोर्स* ≥ 6 क्रेडिट्स
(मुक्त ऐच्छिक पाठ्यक्रमओपन इलेक्टिव कोर्स निम्नलिखित में से कोई भी एक हो सकता है : मौलिक विज्ञान, अन्य अभियांत्रिकी पाठ्यक्रम, मानविकी, सामाजिक विज्ञान, प्रबंधन)
g). अनिवार्य पाठ्यक्रम = 04 क्रेडिट्स
(पर्यावरण अध्ययन :3, संगोष्ठी-1, अतिरिक्त अकादमिक गतिविधि - 0)
h). विभागीय/कार्यक्रम प्रमुख परियोजना = 06 क्रेडिट्स

बी.टेक. उपाधि प्राप्त करने का पात्र होने के लिए प्रत्येक छात्र को कम से कम 190 क्रेडिट्स, P या बेहतर ग्रेड के साथ उत्तीर्ण करना चाहिए ।

विभागीय अध्ययन बोर्ड (UG-DAC बाह्य सदस्यों सहित) कार्यक्रम के लिए उपरोक्त घटकों 'a' से 'h' के लिए के लिए प्रदान किए गए सटीक क्रेडिट्स और उनके सेमेस्टर वार वितरण पर साथ ही विभाग द्वारा समय-समय पर उपलब्ध कराए जाने वाले सभी स्नातक पाठ्यक्रमों के पाठ्यविवरण पर विचार विमर्श कर अंतिम रूप देता है और इन्हें सीनेट की विवेचना व अनुमोदन के लिए अनुशंसित करता है ।

पहले दो सेमेस्टर्स में पाठ्यचर्या *(करिकुलम)* :

पहले दो सेमेस्टर्स में सभी बी.टेक. कार्यक्रमों के छात्रों का पाठ्यक्रम एक समान होता है ।

प्रथम वर्ष में प्रवेश लेने वाले प्रत्येक छात्र को पहले दो सेमेस्टर्स में पंजीकरण और अतिरिक्त अकादमिक गतिविधि (EAA) को संतोषजनक रूप से पूरा करना होता है, जो अनिवार्य है । हालांकि, EAA के साथ कोई क्रेडिट नहीं ।

EAA के तहत छात्र गेम्स व स्पोर्ट्स अथवा NCC या NSS का विकल्प चुन सकते हैं ।

प्रमुख परियोजना : प्रमुख परियोजना 6 क्रेडिट पाठ्यक्रम है और चतुर्थ वर्ष के पहले व दूसरे सेमेस्टर में दिया जाता है। इसके पहले सेमेस्टर में 2 क्रेडिट और दूसरे सेमेस्टर में 4 क्रेडिट होते। मूल्यांकन का तरीका बी.टेक. परियोजना मूल्यांकन के तहत दिए गए दिशा-निर्देशों के अनुसार हो सकता है।

छात्र किसी भी सेमेस्टर में न्यूनतम 16 क्रेडिट्स पंजीकृत कर सकता है। किसी सेमेस्टर में अधिकतम 30 क्रेडिट्स, "अध्ययन" के लिए पंजीकृत बैकलॉग विषयों को मिलाकर, पंजीकृत किए जा सकता हैं। के यह "अध्ययन" के साथ-साथ "परीक्षा" के लिए पंजीकृत बैकलॉग विषयों को मिलाकर यह संख्या 34 है।

एम.टेक. कार्यक्रमों में प्रवेश

एम.टेक. में सभी कार्यक्रमों के लिए प्रवेश अखिल भारतीय आधार पर भारत सरकार के मानदंडों के अनुरूप आरक्षण का लाभ देते हुए दिए जाते हैं। सभी कार्यक्रमों में प्रवेश के लिए चयन का मापदंड GATE का वैध स्कोर है। अभियांत्रिकी में एम.टेक. में प्रवेश लेने वाले उम्मीदवारों को मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय/संस्थान से संबंधित विषय में बी.ई. / बी.टेक. या समकक्ष डिग्री प्रथम श्रेणी में न्यूनतम 60% कुल अंकों (सभी वर्षों के) या समकक्ष CGPA 6.5/10 के साथ उत्तीर्ण होना चाहिए होना चाहिए। एससी/एसटी उम्मीदवारों के मामले में आवश्यक पात्रता 55% कुल अंक (सभी वर्षों के) या समकक्ष CGPA 6.0/10 है। संस्थान के एम.टेक. पाठ्यक्रमों में प्रवेश के लिए पात्रता और अन्य मानदंडों की समय-समय पर समीक्षा एवं निर्णय सीनेट द्वारा लिया जाएगा।

एम.टेक. कार्यक्रम संरचना

एम.टेक. कार्यक्रम 4 सेमेस्टर की अवधि का है जिसमें पहले दो सेमेस्टर्स में कोर्स वर्क एवं अगले दो सेमेस्टर्स के लिए शोध-प्रबंध कार्य होता है । एम.टेक. डिग्री प्रोग्राम के लिए समग्र पाठ्यक्रम पैकेज में सामान्यतः निम्नलिखित घटक होते हैं –

a). मूल पाठ्यक्रम ≥ 24 क्रेडिट्स
b). ऐच्छिक पाठ्यक्रम ≥ 15 क्रेडिट्स
c). शोध-प्रबंध = 26 क्रेडिट्स
d). अनिवार्य = 06 क्रेडिट्स
[सेमिनार – 02; व्यापक मौखिक परीक्षा *(वायवा)* - 04]

विभागीय अध्ययन बोर्ड उपरोक्त घटकों 'a' से 'd' के लिए कार्यक्रम के लिए 76-84 की रेंज में पाठ्यक्रमों के लिए उपलब्ध उपलब्ध सटीक क्रेडिट, पाठ्यक्रम व क्रेडिट के सेमेस्टर-वार वितरण, और विभाग द्वारा समय-समय पर चलाए जाने वाले सभी एम.टेक. कार्यक्रमों की पाठ्यचर्या पर विचार-विमर्श कर इन्हें अंतिम रूप देता है और इन्हें सीनेट को, विचार एवं अनुमोदन के लिए, अनुशंसित करता है।

संस्थान की स्नातकोत्तर डिग्री के लिए अर्हता प्राप्त करने के लिए किसी छात्र को समय-समय पर सीनेट द्वारा अनुमोदित उस कार्यक्रम के लिए अनुदेश योजना में निर्दिष्ट सभी क्रेडिट्स को पूरा करना होता है।

एम.एससी., एम.एससी. (टेक), एम.सी.ए. एवं एम.बी.ए. कार्यक्रमों में प्रवेश

सभी कार्यक्रमों के लिए प्रवेश अखिल भारतीय आधार पर भारत सरकार के मानदंडों के अनुसार आरक्षण का लाभ देते हुए दिए जाते हैं। विभिन्न कार्यक्रमों में प्रवेश के लिए चयन मापदंड -

i). एम.एससी. व एम.एससी. (टेक) में प्रवेश 50% सीटों के लिए NITW प्रवेश परीक्षा और 50% सीटों के लिए 'JAM' (संयुक्त प्रवेश परीक्षा/*जॉइंट एडमिशन टेस्ट*) पर आधारित हैं -

- एम.एससी. व एम.एससी. (टेक) में प्रवेश लेने वाले उम्मीदवारों को मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय/संस्थान से संबंधित विषय में बी.ए. / बी.एससी. या समकक्ष डिग्री प्रथम श्रेणी में न्यूनतम 60% कुल अंकों (सभी वर्षों के) या समकक्ष CGPA 6.5/10 के साथ उत्तीर्ण होना चाहिए होना चाहिए । एससी/एसटी उम्मीदवारों के मामले में आवश्यक पात्रता 55% कुल अंक (सभी वर्षों के) या समकक्ष CGPA 6.0/10 है ।

ii). एम.सी.ए. में प्रवेश NIT की MCA प्रवेश परीक्षा (NIMCET) पर आधारित है -

- एम.सी.ए. में में प्रवेश लेने वाले उम्मीदवारों को मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय/संस्थान से तीन वर्षीय डिग्री या समकक्ष डिग्री न्यूनतम 60% कुल अंकों (सभी वर्षों के) या समकक्ष CGPA 6.5/10 के साथ प्रथम श्रेणी में उत्तीर्ण होना चाहिए । एससी/एसटी उम्मीदवारों के मामले में आवश्यक पात्रता 55% कुल अंक (सभी वर्षों के) या समकक्ष CGPA 6.0/10 है ।
- एम.सी.ए. में प्रवेश लेने वाले उम्मीदवारों ने 10+2 और डिग्री कोर्स में गणित अथवा संबंधित विषयों का अध्ययन किया होना चाहिए ।

iii). एम.बी.ए. CAT/MAT स्कोर तत्पश्चात ग्रुप डिस्कशन और पर्सनल इंटरव्यू पर आधारित है -

- एम.बी.ए. में प्रवेश लेने वाले उम्मीदवारों को मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय/संस्थान से अभियांत्रिकी की किसी भी शाखा में बी.टेक. न्यूनतम 60% कुल अंकों (सभी वर्षों के) या समकक्ष CGPA 6.5/10 के साथ प्रथम श्रेणी में उत्तीर्ण होना चाहिए । एससी/एसटी उम्मीदवारों के मामले में आवश्यक पात्रता 55% कुल अंक (सभी वर्षों के) या समकक्ष CGPA 6.0/10 है ।

डॉक्टर ऑफ फिलोसॉफी में प्रवेश : पीएच.डी.

संस्थान डॉक्टर ऑफ फिलोसॉफी (पीएच.डी.) की डिग्री के लिए अनुसंधान की सुविधाएं प्रदान करता है ।
छात्र श्रेणियां : पीएच.डी. डिग्री प्रोग्राम में सात प्रकार की छात्र श्रेणियां हैं, पांच पूर्णकालिक और दो अंशकालिक ।

पूर्णकालिक :

a) संस्थान फैलोशिप पर पूर्णकालिक छात्र
b) पूर्णकालिक शासकीय/अर्ध-शासकीय फैलोशिप प्राप्तकर्ता / QIP / FIP (UGC) / CSIR / DOE / DST / DBT / NBHM आदि ।
c) NITW में किए जा रही R&D परियोजनाओं में नियुक्त पूर्णकालिक परियोजना अध्येता/JRF/SRF
d) उद्योग/ R&D संगठनों द्वारा प्रायोजित पूर्णकालिक छात्र
e) भारतीय सांस्कृतिक सम्बंध परिषद (ICCR) फैलोशिप प्राप्तकर्ता (विदेशी छात्र)

अंशकालिक :

f) NIT, वारंगल के स्थायी संकाय एवं अन्य स्थायी कर्मचारी
g) NIT वारंगल के साथ MoU वाले राष्ट्रीय अनुसंधान प्रयोगशालाओं और सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों / R&D संगठन (सीनेट द्वारा अनुमोदित) जिनके पास आवश्यक अनुसंधान सुविधाएं हैं के बाह्य शोध-छात्र *(स्कॉलर)* ।

टिप्पणी :

1. श्रेणी (a) के एक छात्र को तीन वर्ष की अवधि के लिए संस्थान फैलोशिप मिलेगी जिसे डॉक्टरेट जांच समिति की अनुशंसाओं के आधार पर एक वर्ष तक और बढ़ाया जा सकता है ।
2. श्रेणी (d) के छात्र को प्रायोजक संगठन द्वारा प्रायोजित एवं वित्त पोषित किया जाएगा ।
3. श्रेणी (f) के अंशकालिक छात्र को NITW के निदेशक से प्रायोजन-व-अनुमति प्रमाण पत्र प्रस्तुत करना होगा ।

4. श्रेणी (g) के अंशकालिक छात्र को वर्तमान नियोक्ता से अनापत्ति प्रमाण पत्र, संभावित पर्यवेक्षक का स्वीकृति पत्र और संगठन से बायोडाटा प्रस्तुत करना होगा।
5. किसी एक श्रेणी से दूसरी श्रेणी में अथवा पूर्णकालिक से अंशकालिक व इसके विपरीत अवस्था में परिवर्तन, DSC व DAC-PG&R की अनुशंसाओं के आधार पर सीनेट की स्वीकृति के अधीन ही किया जाएगा।
6. कोई भी छात्र शासकीय अथवा प्रायवेट, एक से अधिक स्रोत से छात्रवृत्ति/फैलोशिप प्राप्त नहीं कर सकता है।

पात्रता :

- पूर्णकालिक पीएच.डी. प्रोग्राम में प्रवेश के लिए निर्धारित न्यूनतम योग्यता है - एम.टेक. / एम.ई. / एम फिल. या समकक्ष डिग्री अथवा एम.एससी. / एम.एससी. (टेक) / एम.बी.ए. / एम.ए. या समकक्ष डिग्री । पीएच.डी. कार्यक्रम में प्रवेश उन उम्मीदवारों के लिए ही खुला रहेगा जिन्होंने निर्धारित योग्यता परीक्षा प्रथम श्रेणी में संचयी ग्रेड प्वाइंट औसत (CGPA) न्यूनतम 6.5/10 (एससी/एसटी उम्मीदवारों के लिए 6.0/10) अथवा न्यूनतम 60% कुल अंकों (एससी/एसटी उम्मीदवारों के लिए 55%) के साथ उत्तीर्ण की है।
- AICTE / UGC मानदंडों के अनुसार, श्रेणी (a) के छात्रों को GATE / UGC / CSIR परीक्षा / DAE-JEST उत्तीर्ण होना चाहिए। एम.एससी. / एम.एससी. (टेक) / एम.बी.ए. /एम.ए. योग्यता वाले छात्रों के मामले में GATE / UGC – CSIR NET योग्यता जरूरी है।
- श्रेणी (d), (e), (f) और (g) के छात्रों के मामले में GATE / UGC- CSIR NET योग्यता में छूट दी जाती है। यद्यपि इनका चयन संस्थान प्रवेश परीक्षा और/अथवा साक्षात्कार के माध्यम से किया जाएगा, जो विभाग के विवेक पर निर्भर है।
- किसी स्थायी संकाय / स्टॉफ सदस्य के लिए, जो उस विभाग में पीएच.डी. के लिए पंजीकरण कराना चाहता है जहां वह काम कर रहा है, लिखित परीक्षा में छूट दी गई है। यदि स्थायी संकाय / स्टॉफ सदस्य अपनी पीएच.डी. हेतु किसी अन्य विभाग में कार्य करना चाहता है तो लिखित परीक्षा व/या साक्षात्कार आवश्यक है।
- श्रेणी (g) के तहत प्रवेश इनके लिए खुला है:
  a). CSIR / DST / रक्षा प्रयोगशालाओं / शासकीय R&D संगठनों में JRFs / SRFs
  b). अनुसंधान प्रयोगशालाओं/PSUs जिनका NIT वारंगल से MoU है अथवा आवश्यक अनुसंधान सुविधाओं युक्त R&D संगठन में कार्यरत वे बी.टेक. वैज्ञानिक / अभियंता जिनके पास न्यूनतम तीन वर्षो का अनुभव एवं परिमेय शोध परिणाम है।
  c). अनुसंधान प्रयोगशालाओं/PSUs जिनका NIT वारंगल से MoU है अथवा आवश्यक अनुसंधान सुविधाओं युक्त R&D संगठन में कार्यरत वे बी.टेक. वैज्ञानिक / अभियंता जिनके पास न्यूनतम 6 वर्षों का अनुभव एवं परिमेय शोध परिणाम है। इस श्रेणी के तहत अभ्यर्थियों का चयन साक्षात्कार के आधार पर होता है।

आवासीय आवश्यकता

- पीएच.डी. प्रोग्राम में भर्ती सभी उम्मीदवारों को सभी नियत काम पूरा करने व थीसिस जमा करने तक संस्थान परिसर में रहना होगा, यदि उन्हें बाहर रहने के लिए अध्यक्ष, सीनेट से स्पष्ट अनुमति नहीं मिली हो।
- R&D सुविधाओं युक्त संगठनों के अंशकालिक बाह्य उम्मीदवारों के मामले में, आवासीय आवश्यकता को कम से एक सेमेस्टर तक घटाया जा सकता है यदि वह स्व-अध्ययन में है, किन्तु कोर्से वर्क के लिए पंजीकृत होने पर इसे कम से दो सेमेस्टर्स तक घटाया जा सकता है जिसमें एक सेमेस्टर सतत अवधि में हो सकता है।

- R&D संगठनों में न्यूनतम 10 वर्षों का अनुसंधान अनुभव रखने वाले अंशकालिक बाह्य उम्मीदवारों के मामले में, DSC की विशेष अनुमति और सीनेट की स्वीकृति से आवासीय आवश्यकता को पूरी तरह से खत्म किया जा सकता है । फिर भी, ऐसे उम्मीदवारों के लिए NIT वारंगल में किसी भी नियमित पाठ्यक्रम के लिए निर्धारित सभी आवश्यकताओं जैसे असाइनमेंट, परीक्षाओं आदि का पालन करते हुए, स्व-अध्ययन रीति पर क्रेडिट की निर्धारित संख्या के लिए पाठ्यक्रम कार्य पूरा करना भी अनिवार्य है । हालांकि, यह अनिवार्य है कि उसे DSC, जो उसकी प्रगति को रिव्यू करती है, के समक्ष प्रति सेमेस्टर न्यूनतम एक सेमिनार देना होगा ।

10. विद्यार्थी

a) 2019-20 के दौरान बी.टेक. प्रथम वर्ष में प्रविष्ट कराए गए विद्यार्थियों की संख्या

क्रम संख्या	शाखा	लड़कें		लड़कियां		योग	
		भारतीय	विदेशी	भारतीय	विदेशी	भारतीय	विदेशी
1.	सिविल अभियांत्रिकी	101	9	23	4	124	13
2.	इलेक्ट्रिकल व इलेक्ट्रॉनिक्स अभियांत्रिकी	119	19	27	2	146	21
3.	यांत्रिक अभियांत्रिकी	126	23	25	0	151	23
4.	इलेक्ट्रॉनिक्स व संचार अभियांत्रिकी	120	20	26	6	146	26
5.	धातुकर्मीय व पदार्थ अभियांत्रिकी	68	0	16	0	84	0
6.	रासायनिक अभियांत्रिकी	98	3	27	1	125	4
7.	कंप्यूटर विज्ञान व अभियांत्रिकी	119	24	26	9	145	33
8.	जैव-प्रौद्योगिकी	63	1	20	0	83	1
	कुल योग	**814**	**99**	**190**	**22**	**1004**	**121**

b) 2019-20 के दौरान PG पाठ्यक्रमों के
प्रथम वर्ष में प्रविष्ट विद्यार्थियों की संख्या : 855

c) 2019-20 के दौरान पीएच.डी. पाठ्यक्रमों में
प्रविष्ट विद्यार्थियों की संख्या : 188

d) संस्थान में विद्यार्थियों की संख्या (2019-20)

पूर्व-स्नातक छात्र : 3377

स्नातकोत्तर छात्र : 1560

रोल पर पीएच.डी. छात्रों की संख्या (अंशकालिक व पूर्ण कालिक दोनों) : 753

विद्यार्थियों की कुल संख्या : 5690

11. परीक्षाएं एवं मूल्यांकन

बी.टेक. परीक्षा एवं मूल्यांकन प्रक्रिया :

छात्र के प्रदर्शन के आकलन के लिए निम्नलिखित वर्ण ग्रेड और समतुल्य ग्रेड अंक प्रति क्रेडिट का उपयोग कर 7-स्केल ग्रेडिंग प्रणाली का पालन किया जाएगा :

वर्ण ग्रेड	S	A	B	C	D	E	P	F
ग्रेड अंक	10	9	8	7	6	5	4	0

वर्ण ग्रेड देने के लिए मानदंड इस प्रकार हैं :

- किसी कोर्स में न्यूनतम 35% अंक हासिल किए बिना किसी भी छात्र को P या बेहतर ग्रेड नहीं दिया जा सकता.
- छात्र को P ग्रेड या बेहतर ग्रेड प्रदान करने के लिए यह भी अनिवार्य है कि उसे अंतिम सेमेस्टर परीक्षा में विषय में कम से 35% अंक लाना चाहिए।
- ग्रेडिंग सापेक्ष ग्रेडिंग प्रणाली पर आधारित होगी।
- कक्षा औसत अंक (F ग्रेड वाले छात्रों द्वारा प्राप्त अंकों को छोड़कर) C ग्रेड की मध्य परास *(मिड-रेंज)* में होना चाहिए और अन्य ग्रेड (S, A, B, D, E और P) परास *(-रेंज)* को उपयुक्त रूप से तय किया जाना है, ताकि उत्तीर्ण ग्रेड में छात्रों की संख्या का वितरण एक "सामान्य-समीप बेल कर्व" हो।
- DAC (UG) विभिन्न ग्रेडों के लिए ग्रेड परासों *(रेंज्स)* को संशोधित करने के लिए अधिकृत है, यदि यह आवश्यक समझा जाता है। तथापि, ऐसे सभी संशोधनों को दर्ज किया जाना है और अनुमोदन के लिए सीनेट के समक्ष रखा जाना है।

इसके अलावा, चार परिवर्ती *(ट्रांजिशनल)* ग्रेडिंग संकेत होंगे, जिनका उपयोग परीक्षकों द्वारा विषय में एक छात्र की विशेष स्थिति को इंगित करने के लिए किया जा सकता है।

I : "अधूरा मूल्यांकन" के लिए, जब छात्र मेडिकल आधार पर अंतिम सेमेस्टर परीक्षा नहीं देता है (NIT वारंगल के अकादमिक नियमों और विनियमों के नियम 12.4 देखें)।
R : पाठ्यक्रम में "अपर्याप्त उपस्थिति" के लिए (नियम 7.2 देखें)।
W : "संस्थान से अस्थायी निकलने" के लिए (नियम 13 देखें)।
X : अनुशासनहीनता/ परीक्षाओं में कदाचार के आधार पर "वर्जित" के लिए (नियम 14 देखें)।

प्रत्येक सेमेस्टर हेतु सेमेस्टर ग्रेड अंक औसत (SGPA) की गणना की जाएगी, जो इस प्रकार की जाएगी :

$$SGPA = \frac{\sum_1^n C_i \, GP_i}{\sum_1^n C_i}$$

जहां C_i = कोर्से हेतु क्रेडिट; GP_i = कोर्स के लिए प्राप्त ग्रेड अंक ; n = सेमेस्टर में पंजीकृत विषयों की संख्या

प्रत्येक छात्र के लिए हर सेमेस्टर के अंत में प्रथम वर्ष II सेमेस्टर से शुरू कर एक संचयी ग्रेड अंक औसत (CGPA) की गणना की जाएगी। CGPA पहले सेमेस्टर से संदर्भित सेमेस्टर के अंत तक के छात्र का संचयी प्रदर्शन बतलाएगा और इसकी प्रकार की इस प्रकार गणना की जाती है -

$$CGPA = \frac{\sum_1^n S_i \, C_i}{\sum_1^n C_i}$$

जहां n = विचाराधीन सेमेस्टर की कुल संख्या; C_i = किसी विशिष्ट सेमेस्टर में पंजीकृत क्रेडिट की संख्या; S_i = सेमेस्टर SGPA

CGPA, SGPA और एक सेमेस्टर में सभी विषयों में प्राप्त ग्रेड्स हर सेमेस्टर के अंत में, चतुर्थ वर्ष द्वितीय सेमेस्टर को छोड़कर, हर छात्र को सूचित किए जाएंगे। इसके स्थान पर एक समेकित ग्रेड शीट (190 क्रेडिट के साथ) जारी की जाएगी। यह समेकित ग्रेड शीट पहले की सभी ग्रेड शीट्स को अधिक्रमित करती है।

CGPA और SGPA दोनों ही दशमलव के दूसरे स्थान पर उसी रूप में राउंड ऑफ कर दिए जाएंगे। जब भी इन ग्रेड अंक औसत का उपयोग छात्रों के एक समूह के आपस में मेरिट रैंकिंग निर्धारित करने के उद्देश्य के लिए किया जाना है, केवल राउंड ऑफ मानों का ही प्रयोग किया जाएगा।

परिवर्ती *(ट्रांजिशनल)* ग्रेड्स:

a) ग्रेड I :

जब एक छात्र को एक सेमेस्टर के दौरान किसी भी विषय (यों) में I ग्रेड मिलती है, तो उस सेमेस्टर के SGPA और उस सेमेस्टर के अंत में CGPA की अंतरिम गणना सेमेस्टर के अंत में सेमेस्टर के उस विषय (उन विषयों) को छोड़कर की जाएगी और सेमेस्टर के अंत में CGPA की पुनर्गणना नई ग्रेड्स को ध्यान में रखकर की जाएगी।

b) ग्रेड R, W व X के बारे में :

जब किसी छात्र को सेमेस्टर के दौरान किसी भी विषय (यों) में इनमें से कोई भी ट्रांजिशनल ग्रेड मिलता है, तो उस सेमेस्टर के SGPA और उस सेमेस्टर के अंत में CGPA की अंतरिम गणना इन विषय (यों) के लिए 'शून्य अंक' लेकर की जाएगी। इन ट्रांजिशनल ग्रेड को उपयुक्त ग्रेड में बदलने के बाद सेमेस्टर के लिए SGPA एवं सेमेस्टर के अंत में CGPA की पुनर्गणना नई ग्रेड्स को ध्यान में रखकर की जाएगी।

c) ग्रेड F के बारे में :

जब किसी छात्र को एक सेमेस्टर के दौरान किसी भी विषय में 'F' ग्रेड मिलता है, तो SGPA और उस सेमेस्टर से आगे CGPA की अंतरिम गणना ऐसे प्रत्येक F ग्रेड के लिए केवल शून्य अंक लेकर की जाएगी। बाद के सेमेस्टर के दौरान 'F' ग्रेड को बेहतर ग्रेड द्वारा बदले जाने के बाद, 'F' ग्रेड अपडेट होने वाले सर्वप्रथम सेमेस्टर से शुरू होने वाले सभी सेमेस्टरों के SGPA और CGPA की पुनर्गणना की जाएगी और इस ग्रेड परिवर्तन का ध्यान रखने के लिए इसको रिकार्ड किया जाएगा।

एम.टेक., एम.एससी., एम.एससी.(टेक) और एम.सी.ए. परीक्षा एवं मूल्यांकन प्रक्रिया :

छात्र के प्रदर्शन के आकलन के लिए निम्नलिखित वर्ण ग्रेड और समतुल्य ग्रेड अंक प्रति क्रेडिट का उपयोग कर 7-स्केल ग्रेडिंग प्रणाली का पालन किया जाएगा :

वर्ण ग्रेड	S	A	B	C	D	E	P	F
ग्रेड अंक	10	9	8	7	6	5	4	0

- कोई भी छात्र किसी कोर्स में कम से कम 40% अंक हासिल किए बिना उत्तीर्ण नहीं हो सकता है।
- सापेक्ष ग्रेडिंग प्रणाली का पालन किया जाएगा।

A. बंचिंग के मामले में DAC-PG & R बंचिंग करने के कारणों की समीक्षा कर सकते हैं और परासों *(रेंज्स)* को मामूली रूप से संशोधित कर कर सकते हैं। ऐसे सभी मामलों में संशोधित परासों *(रेंज्स)* और कारण को सीनेट के समक्ष मंजूरी के लिए प्रस्तुत किया जाना चाहिए।

B. इसके अलावा, चार परिवर्ती *(ट्रांजिशनल)* ग्रेडिंग संकेत होंगे, जिनका उपयोग परीक्षकों द्वारा विषय में एक छात्र की विशेष स्थिति को इंगित करने के लिए किया जा सकता है।

I : "अधूरा मूल्यांकन" के लिए, जब छात्र मेडिकल आधार पर अंतिम सेमेस्टर परीक्षा नहीं देता है (नियम 12.4 देखें)।

R : पाठ्यक्रम में "अपर्याप्त उपस्थिति" के लिए (नियम 7.2 देखें)।
W : "संस्थान से अस्थायी निकलने" के लिए (नियम 13 देखें)।
X : अनुशासनहीनता/ परीक्षाओं में कदाचार के आधार पर "वर्जित" के लिए (नियम 14 देखें)।

प्रत्येक सेमेस्टर हेतु सेमेस्टर ग्रेड अंक औसत (SGPA) की गणना की जाएगी, SGPA की गणना इस प्रकार की जाएगी :

$$SGPA = \frac{\sum_1^n C_i \, GP_i}{\sum_1^n C_i}$$

जहां C_i = कोर्से हेतु क्रेडिट; GP_i = कोर्स के लिए प्राप्त ग्रेड अंक ; n = सेमेस्टर में पंजीकृत विषयों की संख्या

प्रत्येक छात्र के लिए हर सेमेस्टर के अंत में प्रथम वर्ष II सेमेस्टर से शुरू कर एक संचयी ग्रेड अंक औसत (CGPA) की गणना की जाएगी। CGPA पहले सेमेस्टर से संदर्भित सेमेस्टर के अंत तक के छात्र का संचयी प्रदर्शन बतलाएगा और इसकी प्रकार की इस प्रकार गणना की जाती है -

$$CGPA = \frac{\sum_1^n S_i \, C_i}{\sum_1^n C_i}$$

जहां n = विचाराधीन सेमेस्टर की कुल संख्या; C_i = किसी विशिष्ट सेमेस्टर में पंजीकृत क्रेडिट की संख्या; S_i = सेमेस्टर SGPA

CGPA, SGPA एवं किसी सेमेस्टर में सभी विषयों में प्राप्त ग्रेड की सूचना प्रत्येक सेमेस्टर के अंत में हर छात्र को दी जाएगी।

CGPA और SGPA दोनों ही दशमलव के दूसरे स्थान पर उसी रूप में राउंड ऑफ कर दिए जाएंगे। जब भी इन ग्रेड अंक औसत का उपयोग छात्रों के एक समूह के आपस में मेरिट रैंकिंग निर्धारित करने के उद्देश्य के लिए किया जाना है, केवल राउंड ऑफ मानों का ही प्रयोग किया जाएगा।

परिवर्ती *(ट्रांजिशनल)* ग्रेड्स:

A. ग्रेड I :

जब एक छात्र को एक सेमेस्टर के दौरान किसी भी विषय (यों) में I ग्रेड मिलती है, तो उस सेमेस्टर के SGPA और उस सेमेस्टर के अंत में CGPA की अंतरिम गणना उस विषय (उन विषयों) को छोड़कर की जाएगी। जब इन ट्रांजिशनल ग्रेड्स को उपयुक्त ग्रेड्स में परिवर्तित कर दिया जाता है, सेमेस्टर के अंत में CGPA की पुनर्गणना नई ग्रेड्स को ध्यान में रखकर की जाएगी।

B. ग्रेड F के बारे में :

जब किसी छात्र को एक सेमेस्टर के दौरान किसी भी विषय में 'F' ग्रेड मिलता है, तो SGPA और उस सेमेस्टर से आगे CGPA की अंतरिम गणना ऐसे प्रत्येक 'F' ग्रेड हेतु केवल 'शून्य अंक' लेकर की जाएगी। बाद के सेमेस्टर के दौरान 'F' ग्रेड को बेहतर ग्रेड द्वारा बदले जाने के बाद, 'F' ग्रेड अपडेट होने वाले सर्वप्रथम सेमेस्टर से शुरू होने वाले सभी सेमेस्टरों के SGPA और CGPA की पुनर्गणना की जाएगी और इस ग्रेड परिवर्तन का ध्यान रखने के लिए इसको रिकार्ड किया जाएगा।

C. ग्रेड R, W व X के बारे में :

जब किसी छात्र को सेमेस्टर के दौरान किसी भी विषय (यों) में इनमें से कोई भी ट्रांजिशनल ग्रेड मिलता है, तो उस सेमेस्टर के SGPA और उस सेमेस्टर के अंत में CGPA की अंतरिम गणना इन विषय (यों) के

लिए 'शून्य अंक' लेकर की जाएगी । इन ट्रांजिशनल ग्रेड को उपयुक्त ग्रेड में बदलने के बाद सेमेस्टर के लिए SGPA एवं सेमेस्टर के अंत में CGPA की पुनर्गणना नई ग्रेड्स को ध्यान में रखकर की जाएगी ।

12. आरंभ से जून 2020 तक प्रदान की गई उपाधियां :

A. बी. टेक.

सिविल अभियांत्रिकी	3062
विद्युत अभियांत्रिकी	3110
यांत्रिक अभियांत्रिकी	3770
इलेक्ट्रॉनिक्स व संचार अभियांत्रिकी	2956
धातुकर्मीय व पदार्थ अभियांत्रिकी	1433
रासायनिक अभियांत्रिकी	2056
कंप्यूटर विज्ञान व अभियांत्रिकी	2571
जैव-प्रौद्योगिकी	665
योग	**19623**


B. एम.टेक. / एम.एससी. / एम.एससी.(टेक) / एम.सी.ए. / एम.बी.ए.


सिविल अभियांत्रिकी	2992
विद्युत अभियांत्रिकी	1259
यांत्रिक अभियांत्रिकी	2046
इलेक्ट्रॉनिक्स व संचार अभियांत्रिकी	1151
धातुकर्मीय व पदार्थ अभियांत्रिकी	442
रासायनिक अभियांत्रिकी	414
कंप्यूटर विज्ञान व अभियांत्रिकी	722
गणित	685
भौतिक विज्ञान	612
रासायनिक विज्ञान	783
मास्टर ऑफ कंप्यूटर एप्लीकेशन	999
मास्टर ऑफ बिज़नस एडमिनिस्ट्रेशन	680
योग	**12785**

C. पीएच.डी. (डॉक्टर ऑफ फिलोसॉफी)

सिविल अभियांत्रिकी	129
विद्युत अभियांत्रिकी	73
यांत्रिक अभियांत्रिकी	145
इलेक्ट्रॉनिक्स व संचार अभियांत्रिकी	47
धातुकर्मीय व पदार्थ अभियांत्रिकी	20
रासायनिक अभियांत्रिकी	49
कंप्यूटर विज्ञान व अभियांत्रिकी	25
जैव-प्रौद्योगिकी	12
गणित	120
भौतिक विज्ञान	49
रासायनिक विज्ञान	137
प्रबंध विद्यालय (SOM)	12
मानविकी एवं सामाजिक विज्ञान	17
शारीरिक शिक्षा	2
योग	**837**

संकाय विवरण



रोल पर संकाय : 328
प्रोफेसर 21%
एसोसिएट प्रोफेसर 24%
असिस्टेंट प्रोफेसर 55%
प्रोफेसर
एसोसिएट प्रोफेसर
असिस्टेंट प्रोफेसर



विभाग वार संकाय संख्या
60
50
40
30
20
10
0
20
21
18
50
28
33
37
5
21
47
15
3
20
10
जैव प्रौद्योगिकी
रासायनिक अभियांत्रिकी
रसायन विज्ञान
सिविल अभियांत्रिकी
कंप्यूटर विज्ञान अभियांत्रिकी
विद्युत अभियांत्रिकी
इलेक्ट्रॉनिक्स व संचार अभियांत्रिकी
मानविकी व सामाजिक विज्ञान
गणित
यांत्रिक अभियांत्रिकी
धातुकर्मीय व पदार्थ अभियांत्रिकी
शारीरिक शिक्षा
भौतिकी
प्रबंध विद्यालय

राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी संस्थान : वारंगल

प्रायोजित अनुसंधान व औद्योगिक परामर्श (SRIC)

परामर्श से प्राप्त वार्षिक राजस्व (अप्रैल 2019 से मार्च 2020 की अवधि में)







राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी संस्थान : वारंगल

प्रायोजित अनुसंधान व औद्योगिक परामर्श (SRIC)

परामर्श से प्राप्त वार्षिक राजस्व (अप्रैल 2020 से नवंबर 2020 की अवधि में)





प्लेसमेंट रिपोर्ट 2019 – 2020

कॅरियर योजना एवं विकास केंद्र

(सेंटर फॉर कॅरियर प्लानिंग एंड डेवलपेंट)

(CCPD)



प्लेसमेंट आंकड़ें *(स्टेटिस्टिक्स)*

स्नातक

क्रम सं.	पाठ्यक्रम	शाखा	कुल पात्र छात्र	जॉब मिला	अधिकतम वेतन लाख प्रति वर्ष	औसत वेतन लाख प्रति वर्ष
1.	बी. टेक.	सिविल अभियांत्रिकी	86	52	18.80	6.7
2.		इलेक्ट्रिकल व इलेक्ट्रॉनिक अभियांत्रिकी	110	100	43.31	10.49
3.		यांत्रिक अभियांत्रिकी *(मैकेनिकल इंजीनियरिंग)*	103	92	22.99	8.76
4.		इलेक्ट्रॉनिक्स एवं संचार अभियांत्रिकी *इलेक्ट्रॉनिक्स & कम्युनिकेशन इंजीनियरिंग*	115	104	26.00	14.08
5.		धातुकर्मीय एवं पदार्थ अभियांत्रिकी *(मेटलर्जी & मटेरियल्स इंजीनियरिंग)*	38	27	12.93	7.01
6.		रासायनिक अभियांत्रिकी *(केमिकल इंजीनियरिंग)*	76	62	22.00	8.14
7.		कंप्यूटर विज्ञान एवं अभियांत्रिकी	118	110	43.30	21.96
8.		जैव-प्रौद्योगिकी / *बायो टेक्नोलॉजी*	38	25	16.93	7.8

कुल UG पात्र विद्यार्थी : 694 कुल प्लेसमेंट : 572* प्लेसमेंट प्रतिशत : **83.62%**

स्नातकोत्तर

क्रम सं.	पाठ्यक्रम	शाखा	कुल छात्र	जॉब मिला	अधिकतम वेतन लाख प्रति वर्ष	औसत वेतन लाख प्रति वर्ष
1.	एम. टेक. (सिविल)	जल संसाधन अभियांत्रिकी *(वॉटर रिसोर्स इंजीनियरिंग)*	24	3	6.5	4.83
2.		पर्यावरण अभियांत्रिकी *(एनवायरनमेंटल इंजीनियरिंग)*	23	2	3.6	3.6
3.		अभियांत्रिकी संरचनाएं *(इंजीनियरिंग स्ट्रक्चर्स)*	24	7	9.0	5.67
4.		भू-तकनीकी अभियांत्रिकी *(जियो-टेक्निकल इंजीनियरिंग)*	23	2	6.0	6.0
5.		परिवहन अभियांत्रिकी *(ट्रांसपोर्टेशन इंजीनियरिंग)*	25	4	9.0	6.12
6.		निर्माण प्रौद्योगिकी एवं प्रबंधन *मैन्युफ़ैक्चरिंग टेक्नोलॉजी & मैनेजमेंट*	23	2	6.3	6.3
7.		सुदूर संवेदन एवं GIS / *रिमोट सेंसिंग*	18	-	-	-

प्लेसमेंट आंकड़ें *(स्टेटिस्टिक्स)*

क्रम सं.	पाठ्यक्रम	शाखा	कुल छात्र	जॉब मिला	अधिकतम वेतन लाख प्रति वर्ष	औसत वेतन लाख प्रति वर्ष
1.	एम. टेक. (EEE)	पॉवर सिस्टम अभियांत्रिकी	31	13	13.0	6.54
2.		पॉवर इलेक्ट्रॉनिक्स एवं ड्राइव्स	31	12	17.5	7.92

क्रम सं.	पाठ्यक्रम	शाखा	कुल छात्र	जॉब मिला	अधिकतम वेतन लाख प्रति वर्ष	औसत वेतन लाख प्रति वर्ष
1.	एम. टेक. (यांत्रिक) *एम. टेक. (मैके.)*	तापीय अभियांत्रिकी *(थर्मल इंजीनियरिंग)*	16	4	11.0	7.0
2.		विनिर्माण अभियांत्रिकी *(मैन्युफ़ैक्चरिंग इंजीनियरिंग)*	16	4	12.5	8.64
3.		कंप्यूटर समेकित विनिर्माण *(कंप्यूटर इंटीग्रेटेड मैन्युफ़ैक्चरिंग)*	16	6	8.09	6.46
4.		मशीन डिज़ाइन	15	7	8.09	6.18
5.		ऑटोमोबाइल अभियांत्रिकी	16	6	9.0	6.26
6.		पदार्थ व सिस्टम अभियांत्रिकी डिज़ाइन *मटेरियल्स & सिस्टम इंजीनियरिंग डिज़ाइन*	12	6	6.5	4.35
7.		योजक विनिर्माण *(ऐडिटिव मैन्युफ़ैक्चरिंग)*	9	2	9.0	6.3

क्रम सं.	पाठ्यक्रम	शाखा	कुल छात्र	जॉब मिला	अधिकतम वेतन लाख प्रति वर्ष	औसत वेतन लाख प्रति वर्ष
1.	एम. टेक. (ECE)	इलेक्ट्रॉनिक इंस्ट्रूमेंटेशन	17	11	20.6	12.5
2.		VLSI सिस्टम डिज़ाइन	17	11	29.16	15.09
3.		उन्नत संचार प्रणाली *(एड्वान्स्ड़ कयुनिकेशन सिस्टम)*	19	14	29.16	14.66

क्रम सं.	पाठ्यक्रम	शाखा	कुल छात्र	जॉब मिला	अधिकतम वेतन लाख प्रति वर्ष	औसत वेतन लाख प्रति वर्ष
1.	एम. टेक. (MME)	औद्योगिक धातुकर्म प्रौद्योगिकी *(इंडस्ट्रियल मेटलर्जी टेक्नोलॉजी)*	5	-	-	-
2.		पदार्थ प्रौद्योगिकी *(मटेरियल टेक्नोलॉजी)*	13	2	12.52	9.26

प्लेसमेंट आंकड़ें *(स्टेटिस्टिक्स)*

क्रम सं.	पाठ्यक्रम	शाखा	कुल छात्र	जॉब मिला	अधिकतम वेतन लाख प्रति वर्ष	औसत वेतन लाख प्रति वर्ष
1.	एम. टेक. (C&SE)	कंप्यूटर विज्ञान एवं अभियांत्रिकी *(कंप्यूटर साइंस & इंजीनियरिंग)*	18	13	43.3	22.05
2.		कंप्यूटर विज्ञान एवं सूचना सुरक्षा *(कंप्यू. साइंस & इनफारमेशन सिक्योरिटी)*	16	10	35.9	21.98

क्रम सं.	पाठ्यक्रम	शाखा	कुल छात्र	जॉब मिला	अधिकतम वेतन लाख प्रति वर्ष	औसत वेतन लाख प्रति वर्ष
1.	एम. टेक. (रासा./ *केम.)*	रासायनिक अभियांत्रिकी *(केमिकल इंजीनियरिंग)*	14	2	16.94	11.47
2.		प्रक्रम नियंत्रण *(प्रॉसेस कंट्रोल)*	11	-	-	-

क्रम सं.	पाठ्यक्रम	शाखा	कुल छात्र	जॉब मिला	अधिकतम वेतन लाख प्रति वर्ष	औसत वेतन लाख प्रति वर्ष
1.	एम.सी.ए.	मास्टर ऑफ कंप्यूटर एप्लीकेशन	40	24	37.0	15.39
2.	एम.बी.ए.	मास्टर ऑफ बिज़नेस एडमिनिस्ट्रेशन	51	17	6.77	5.34
3.	एम.एससी. (गणित)	अनुप्रयुक्त गणित *(एप्लाइड मैथेमैटिक्स)*	19	6	9.0	6.25
4.		गणित एवं वैज्ञानिक कंप्यूटिंग *(मैथेमैटिक्स & साइंटिफिक कंप्यूटिंग)*	21	9	11.5	7.88
5.	एम.एससी. (टेक) भौतिकी	अभियांत्रिकी भौतिक विज्ञान *(इंजीनियरिंग फिजिक्स)*	21	7	8.0	7.8
6.	एम.एससी. (केमिस्ट्री)	वैश्लेषिक रसायन विज्ञान (MMCA) *(एनालिटिकल केमिस्ट्री MMCA)*	19	10	9.0	6.1
7.		कार्बनिक रसायन विज्ञान (DDPP) *(ऑर्गेनिक केमिस्ट्री DDPP)*	20	10	10.0	6.6

CCPD की गतिविधियां

1. प्रत्येक छात्र को कंपनी का चयन करते समय उनके विकल्पों को समझने में मदद करने के लिए 800 से अधिक कंपनियों का अद्यतित डेटा बेस रखता है।
2. नियोक्ताओं से फीडबेक लेता है और उद्योग के लिए प्रासंगिक पाठ्यक्रम तैयार करने के लिए उन्हें विभागों के साथ साझा करता है।
3. उद्योग एवं शिक्षा जगत के बीच की दूरी को पाटने के लिए औद्योगिक दौरे, संयंत्रे प्रशिक्षण, इंटर्नशिप के माध्यम से उद्योग-संस्थान परस्पर वार्ता को विकसित करता और बनाए रखता है।
4. प्रत्येक छात्र को रोजगार के अवसर प्रदान करने के लिए कैम्पस प्लेसमेंट गतिविधियों का आयोजन और समन्वय करता है।
5. कॅरियर परामर्श सत्र आयोजित करता है और छात्र को उसकी क्षमता के बारे में जागरूक करता है जिससे वह अपने लक्ष्य की ओर अग्रसित होता है।

हमारे विद्यार्थी लाभप्रद रूप से यहां नियुक्त हैं



केंद्रीय पुस्तकालय



केंद्रीय पुस्तकालय, संस्थान के शिक्षण व अनुसंधान कार्यक्रमों को सहयोग प्रदान करता है एवं सार्वजनिक पठन की सुविधाएं प्रदान करता है व उपयोगकर्ताओं की आवश्यकता के अनुसार जानकारी उपलब्ध कराता है। यह 4000 वर्ग मीटर के प्लिंथ क्षेत्रफल के एक पृथक भवन में स्थित है। इसमें लगभग 1,79,797 पुस्तकें, पिछले अंक (बैक वॉल्यूम), तकनीकी पैम्फ़लेट, मानक, सीडी-रोम्स, वीडियो कैसेट्स, ई-पुस्तकें आदि हैं। पुस्तकों का कुल मूल्य है 8.81 करोड़ रुपये है और इसमें 5.91 लाख रुपये की लागत से 110 जर्नल्स, 90 भारतीय व 20 विदेशी आते हैं। इसमें INDEST-AICTE, NIT संकाय (कंसोर्टियम) व NIT वारंगल के माध्यम से 2000 ऑन लाइन जर्नल्स भी आते हैं।

केंद्रीय पुस्तकालय की सेवाएं व संचालन पूरी तरह कंप्यूटरीकृत हैं। समूचे पुस्तकालय संकलन का डेटाबेस कोहा *(Koha)* सॉफ्टवेयर के उपयोग से तैयार किया गया था।



डॉ. के. वीरांजनेयलू
पुस्तपाल *(लाइब्रेरियन)*



श्री जी. बालाकृष्णा
सहायक पुस्तपाल

नई पहल :


- दूरस्थ अभिगम सेवा *(रिमोट एक्सेस सर्विस) – MyLOFT (*माय लाइब्रेरी ऑन फिंगरटिप्स*) :*
  केंद्रीय पुस्तकालय, NIT वारंगल ने शोधार्थियों एवं संकाय सदस्यों की सुविधा के लिए "दूरस्थ अभिगम सेवा *(रिमोट एक्सेस सर्विस)* – MyLOFT (माय लाइब्रेरी ऑन फिंगरटिप्स)" नामक एक नई सेवा आरंभ की है। MyLOFT एक मोबाइल ऐप है। MyLOFT के माध्यम से शोधार्थी व संकाय सदस्य, NIT वारंगल की सदस्यता वाले ई-संसाधनों का कहीं से भी किसी भी समय उपयोग कर सकते हैं।

- वेब ऑनलाइन सार्वजनिक-अभिगम सूचीपत्र *(पब्लिक एक्सेस कैटलॉग) (OPAC):* सेंट्रल लाइब्रेरी ने पुस्तकालय कार्यों के स्वचालन के लिए कोहा - एकीकृत पुस्तकालय प्रबंधन सॉफ्टवेयर कार्यान्वित किया है। ऑनलाइन सार्वजनिक अभिगम सूचीपत्र *(पब्लिक एक्सेस कैटलॉग)* (OPAC) केवल इंट्रानेट पर उपलब्ध था, जिसके माध्यम से उपयोगकर्ता NIT कैंपस, वारंगल स्थित केंद्रीय पुस्तकालय में उपलब्ध मुद्रित संसाधनों की सूची ही ब्राउज़ कर सकते थे। इस OPAC में एक मुक्त ई-बुक्स का स्रोत लिंक भी उपलब्ध कराया गया था। मौजूदा कोविड-19 स्थिति के दौरान, छात्र एवं संकाय OPAC के माध्यम से प्रदान की मुक्त ई-संसाधन लिंकों का उपयोग नहीं कर पा रहे थे। अतः, एक्सेस समस्या से उबरने के लिए क्लाउड कंप्यूटिंग का उपयोग कर वेब-OPAC कार्यान्वित किया गया है। अब से, संकाय और छात्र किसी भी समय कहीं से भी निम्नलिखित लिंक द्वारा ई-पुस्तकों के मुक्त स्रोत लिंक का उपयोग कर सकते हैं - http://nitwopac.in:7071/

- NITW - संकाय सूचना प्रणाली : एक केंद्रीय पुस्तकालय पहल : केंद्रीय पुस्तकालय ने संस्थान के संकाय सदस्यों की अकादमिक व अनुसंधान गतिविधियों को प्रदर्शित करने एवं वैज्ञानिक अनुसंधान नेटवर्क बनाने का अवसर प्रदान करने के लिए, भारतीय अनुसंधान सूचना नेटवर्क के अधीन एक नई "संकाय सूचना प्रणाली" आरंभ की है। NITW -भारतीय अनुसंधान सूचना नेटवर्क प्रणाली (IRINS) मौजूदा अनुसंधान प्रबंधन प्रणाली; जैसे एचआर प्रणाली, पाठ्यक्रम प्रबंधन, अनुदान प्रबंधन प्रणाली, संस्थागत भंडार, मुक्त व व्यावसायिक प्रशस्ति पत्र डेटाबेस, वैज्ञानिक प्रकाशकों आदि; को संघटित करने में सक्षम रहेगी। विभिन्न स्रोतों से वैज्ञानिक प्रकाशन को अंतर्ग्राहित करने के लिए इस प्रणाली को अकादमिक विशिष्टताओं जैसे ORCID आईडी, स्कोपस आईडी, अनुसंधान आईडी, माइक्रोसॉफ्ट अकादमिक आईडी, और गूगल विद्यार्थी आईडी के रूप में के साथ संघटित किया जाएगा। यह संकाय सूचना प्रणाली NIRF, NAC एवं अन्य अंतरराष्ट्रीय रेंकिंग प्रणालियों लिए स्रोत बन सकती है। निम्नलिखित लिंक के माध्यम से इस संकाय सूचना प्रणाली का उपयोग सभी द्वारा किया जा सकता है - https://nitw.irins.org/

- अत्याधुनिक डिजिटल लाइब्रेरी : छात्रों व संकाय सदस्यों की सुविधा के लिए डिजिटल लाइब्रेरी हेतु केंद्रीय पुस्तकालय ने उच्च विन्यास (32 RAM व 1 TB HDD) के 48 नए कंप्यूटर प्राप्त कर लगाए हैं।





राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी संस्थान, वारंगल
तकनीकी शिक्षा गुणवत्ता सुधार कार्यक्रम (TEQIP)
चरण III

NPIU के बारे में

राष्ट्रीय परियोजना क्रियान्वयन इकाई */नेशनल प्रोजेक्ट इंप्लिमेंटेशन यूनिट* (NPIU), विश्व बैंक से सहायता प्राप्त परियोजनाओं के समन्वयन, सुगमता, मॉनीटरन और राज्यों/संस्थानों को इनके सभी पहलुओं में मार्गदर्शन प्रदान करने के लिए अगस्त 1990 में स्थापित भारत सरकार की एक इकाई है । 1991 से 2007 के दौरान, NPIU ने विश्व बैंक से सहायता प्राप्त भारत सरकार की तीन तकनीशियन शिक्षा परियोजनाएं कार्यान्वित की है, जिसने तकनीकी शिक्षा के सुदृढ़न व उन्नयन में मदद की है एवं अंडमान व निकोबार द्वीप व पांडिचेरी सहित 27 राज्यों में 552 पॉलिटेक्निक्स को लाभान्वित किया है। इन तीन परियोजनाएं को परियोजना प्रबंधन व कार्यान्वयन पर "अत्यधिक संतोषजनक" की रेटिंग प्रदान किया गई है, जो विश्व बैंक द्वारा दी जाने वाली उच्चतम रेटिंग है । तीन तकनीकी शिक्षा परियोजनाओं की सफलता ने भारत सरकार को अभियांत्रिकी शिक्षा में समग्र गुणवत्ता सुधार पर विशेष ध्यान देते हुए तकनीकी शिक्षा प्रणाली के सम्पूर्ण सुनियोजित रूपान्तरण के लिए विश्व बैंक से इसी तरह की वित्तीय सहायता हासिल करने के लिए प्रोत्साहित किया।

TEQIP III के बारे में

NIT, वारंगल द्वारा TEQIP-I व TEQIP-II चरणों में उत्कृष्ट प्रदर्शन के आधार पर MHRD ने NPU के माध्यम से NIT, वारंगल को वर्ष 2017-18 में 7.0 करोड़ रुपये के बजट परिव्यय के साथ TEQIP-III परियोजना स्वीकृत की है । यह परियोजना स्नातकोत्तर शिक्षण की गुणवत्ता में आगे और सुधार करेगी, आर&डी गतिविधियां उत्प्रेरित करेगी, संकाय स्टॉफ विकास को बढ़ावा देगी एवं छात्रों को अकादमिक सहायता प्रदान करेगी। NIT वारंगल में TEQIP-III की परियोजना कार्यान्वयन व मॉनीटरन समिति ने एक खरीद योजना तैयार की है एवं NPIU से इसका अनुमोदन प्राप्त कर लिया है। योजना अब परिचालित कर दी गई है। अत्याधुनिक प्रौद्योगिकियों में ज्ञान का प्रसार करने एवं छात्रों व संकाय-सदस्यों में पेशेवर दक्षता विकसित करने के उद्देश्य से अभियांत्रिकी विषयों की व्यापक श्रेणी में सतत शिक्षा कार्यक्रम, कार्यशालाएं, सेमिनार और कॉन्फ्रेंस की श्रृंखला शुरू की गई हैं । NIT वारंगल ने चाईबासा अभियांत्रिकी महाविद्यालय, चाईबासा और झारखंड राज्य की क्षमता बढ़ाने व कार्य-निष्पादन में सुधार के लिए यमलन (ट्विनिंग) कर लिया है। मॉनीटरन व परियोजना निर्गत निष्पादन के आधार पर हमारे संस्थान को बहुत अच्छी ग्रेड मिली है।

संकाय प्रभारी



प्रोफे. ए. वेणू विनोद
संयोजक, TEQIP-III
प्रोफेसर,रासायनिक अभियांत्रिकी विभाग

1. <u>TEQIP द्वारा स्थापित सुविधाएं :</u>

i) **ई-क्लास कक्ष :**

NIT, वारंगल के सभी संकाय के लिए दिनांक 17 फरवरी, 2020 को TEQIP-III के अंतर्गत डिजिटल शिक्षाशास्त्र (डिजिटल बोर्ड) पर एक दिवसीय प्रशिक्षण प्रोग्राम आयोजित किया गया।

ii) **स्वयं प्रभा :**

भारत सरकार की स्वयं प्रभा योजना के अंतर्गत TEQIP-III छात्रों को ऑनलाइन कोर्स जैसे NPTEL, MOOCS व SWAYAM करने की सुविधाएं प्रदान कर रहा है। TEQIP-III के अंतर्गत खरीदी गई ऑडियो व वीडियो प्रणाली पुस्तकालय परिसर में उपलब्ध है एवं इससे छात्र ऑनलाइन अध्ययन संसाधनों का उपयोग कर सकेंगे।

2. <u>नवोन्मेष व स्टार्ट-अप्स</u>

i) नवोन्मेष व स्टार्ट-अप्स के अंतर्गत सितंबर-नवंबर 2019 के दौरान लघु कार्य योजना के रूप में उद्यमिता कार्यक्रम आयोजित किया गया।

ii) MED, EEA, CSE व ECED के अंतिम वर्ष के सात छात्रों ने 9-13 अक्टूबर 2019 को हैदराबाद कन्वेंशन सेंटर में आयोजित हैदराबाद डिजाइन सप्ताह सम्मेलन में संस्थान का प्रतिनिधित्व किया।

iii) **टीम स्पर्धक,** एक ऑफ-रोड़ रेसिंग टीम ने महिंद्रा & महिंद्रा लिमिटेड द्वारा जनवरी 2020 माह में पीथमपुर में आयोजित BAJA SAEINDIA 2020 में हमारे महाविद्यालय का प्रतिनिधित्व किया।

3. <u>अनुसंधान एवं विकास के अंतर्गत छात्रों (यूजी, पीजी, पीएच. डी) को सहायता :</u>

i) लगभग 12 छात्रों ने (यूजी/पीजी/पीएच.डी. छात्र) भारत के अन्य संस्थानों में सेमिनार/कॉन्फ्रेंस/ वर्कशॉप में भाग लिया।

ii) लगभग 18 छात्रों को उनकी अनुसंधान परियोजना के लिए रसायन, स्पेयर्स एवं कंजूमेबल्स खरीद में लाभान्वित किया गया।

4. <u>साम्यता कार्य योजना (EAP) :</u>

देवाथॉन 1.0 (हैकाथॉन), एक द्विवार्षिक कार्यक्रम, एनआईटी के वेब व सॉफ्टवेयर विकास प्रकोष्ठ (WSDC) द्वारा 14 - 15 सितंबर 2019 (24 घंटे लगातार कार्यक्रम) के दौरान आयोजित किया गया।

5. <u>NPIU/MHRD प्रायोजित ERP कार्यान्वयन :</u>

NPIU/MHRD ने IIT, खड़गपुर के तकनीकी सहयोग से NIT वारंगल के लिए ERP सॉफ्टवेयर – SMILE (सॉफ्टवेयर फॉर मैनेजिंग इन्सिट्यूट ऑफ लर्निंग एंड एज्यूकेशन/ज्ञान व शिक्षा संस्थान प्रबंधन के लिए सॉफ्टवेयर) विकसित कर रहा है। यह परियोजना TEQIP/NPIU द्वारा प्रायोजित की जा रही है।

डिजिटल शिक्षाशास्त्र (डिजिटल बोर्ड) पर प्रशिक्षण कार्यक्रम





6. <u>यमलन *(ट्विनिंग)* गतिविधियां :</u>

i) CED के **डॉ. टी.डी. गुनेश्वर राव** ने "स्ट्रक्चरल एनालिसिस एंड मटेरियल्स फॉर सस्टेनेबल कंस्ट्रक्शन" पर व्याख्यान देने के लिए चाईबासा का दौरा किया (11-15 फरवरी 2020) ।

ii) CED के **श्री वी.एन. कामेश्वर राव** ने पंप्स एंड टर्बाइन्स पर व्याख्यान देने के लिए चाईबासा का दौरा किया (11-15 फरवरी 2020) ।

iii) CED के **डॉ. डी. रवि प्रसाद** ने आरसी संरचनाओं की डिज़ाइन से संबंधित विभिन्न विषयों पर व्याख्यान देने के लिए चाईबासा का दौरा किया (11-15 फरवरी 2020) ।

iv) CED के **डॉ. एम. शशि** ने सर्वेइंग एंड रिमोट सेंसिंग एंड फोटोग्राममेट्री (सर्वेक्षण व दूरस्थ संवेदन और फोटोग्राममिति) पर विशेषज्ञ व्याख्यान देने के लिए चाईबासा का दौरा किया (11-15 फरवरी 2020)।

v) EED के **डॉ. बी. नागू** ने विद्युत अभियांत्रिकी के विभिन्न विषयों पर व्याख्यान देने के लिए चाईबासा का दौरा किया (24-28 फ़रवरी 2020)।

vi) EED के **डॉ. पी. श्रीनिवासन** ने विद्युत अभियांत्रिकी के विभिन्न विषयों पर व्याख्यान देने के लिए चाईबासा का दौरा किया (24 फ़रवरी - 01 मार्च 2020)।

vii) गणित विभाग के **डॉ. पी. मुथू** ने द्वितीय सेमेस्टर छात्रों के लिए अनुप्रयुक्त सांख्यिकी पर विशेष कक्षा लेने के लिए चाईबासा का दौरा किया (3-7 मार्च 2020)।

viii) MED के **डॉ. वी. सुरेश बाबू, डॉ. एम. विजय कुमार एवं डॉ. वी.पी. चंद्र मोहन** ने छात्रों के लिए विशेष कक्षाएं लेने के लिए चाईबासा का दौरा किया और "उद्योग 4.0 व अनुसंधान कार्यप्रणाली" पर FDP आयोजित की गई (03-07 मार्च 2020)।

ix) यमलन (ट्विनिंग) गतिविधियों के रूप में TEQIP-III ने चाईबासा अभियांत्रिकी महाविद्यालय के 13 छात्रों को एक सप्ताह की शीतकालीन प्रशिक्षण *(इंटर्नशिप)* प्रदान की।



NIT वारंगल के संकाय का चाईबासा अभियांत्रिकी महाविद्यालय, चाईबासा दौरा

7. गतिविधियां :

i). TEQIP-III के अंतर्गत 01.07.209 से 30.06.2020 के दौरान आयोजित CEPs/वर्कशॉप/कॉन्फ्रेंस

विभाग का नाम	सतत शिक्षा कार्यक्रम	अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन *(कॉन्फ्रेंस)*	राष्ट्रीय सम्मेलन *(कॉन्फ्रेंस)*	संगोष्ठी *(सिंपोजियम)*	कार्यशाला *(वर्कशॉप)*	कुल योग
सिविल		1		1		
विद्युत						
यांत्रिकी	1					
इलेक्ट्रॉनिक्स व संचार		1				
रासायनिक						
कंप्यूटर विज्ञान						
धातुकर्मीय व पदार्थ अभियांत्रिकी		1				
जैव-प्रौद्योगिकी						
डीन एसडबल्यू					1	
भौतिकी						
रसायन विज्ञान		1				
प्रबंधन विद्यालय			1			
टी&पी						
कंप्यूटर केंद्र						
मानविकी						
CAM						
कुल योग	**1**	**4**	**1**	**1**	**1**	

क्रम संख्या	दिनों की संख्या	कार्यक्रम का प्रकार	दिनांक से दिनांक तक	माह	कार्यक्रम का शीर्षक	संयोजक
1	13	प्रवेशन कार्यक्रम	24.07.2019 से 04.08.2019 तक	जुलाई - अगस्त 2019	प्रथम बी. टेक. 2019 बैच के नए सदस्यों के लिए प्रवेशन कार्यक्रम	प्रो. एल. राम गोपाल रेड्डी (डीन, छात्र कल्याण)



NIT वारंगल के संकाय सदस्यों के लिए हैदराबाद में "सार्वत्रिक मानव मूल्यों के माध्यम से संस्था विकास" पर चार दिवसीय (18-21दिसंबर 2109) एफ़डीपी

1. **प्रो. विट्ठल अनंतमुला**, परियोजना प्रबंधन व MPM कार्यक्रम के निदेशक, द्वारा पश्चिमी कैरोलिना विश्वविद्यालय, USA में "Contemporary Project Management: Challenges and Opportunities" (समकालीन परियोजना प्रबंधन : चुनौतियां और अवसर) पर 13 सितंबर, 2019 को विशेषज्ञ व्याख्यान दिया गया।


2. मैकवेरी विश्वविद्यालय, ऑस्ट्रेलिया **प्रो. एम.जे. होसैन** द्वारा "Impact of Electricity Demand and Distribution: Challenges and Opportunities" (बिजली की मांग और वितरण के प्रभाव: चुनौतियां और अवसर) पर 30 सितंबर, 2019 को विशेषज्ञ अतिथि व्याख्यान दिया गया।

3. **श्री माचरला बोधानंद गिरि**, एक प्रमुख सलाहकार व GD&T में ASME प्रमाणित प्रशिक्षक, द्वारा एम.टेक. यांत्रिकी छात्रों के लिए 17-18 जनवरी 2020 को विशेषज्ञ अतिथि व्याख्यान दिया गया।

(iii). TEQIP-III के अंतर्गत 01.07.2018 से 30.06.2019 तक शिक्षणेत्तर कर्मचारीवर्ग के लिए कार्यशालाएं एवं महिलाओं के लिए राष्ट्रीय सम्मेलन

क्रम संख्या	दिनों की संख्या	कार्यक्रम का प्रकार	दिनांक से	दिनांक तक	माह	कार्यक्रम का शीर्षक	संयोजक
1	1	कार्यशाला *(वर्कशॉप)*	06.03.2020	06.03.2020	मार्च 2020	Empowerment of Women – Rights & Responsibilities महिला सशक्तिकरण - अधिकार एवं दायित्व	डॉ. बी. लक्ष्मी

TEQIP-III के अंतर्गत खरीदे गए प्रमुख उपस्कर			
सामग्री *(आयटम)*	**विभाग**	**माह/वर्ष**	**राशी, रुपयों में**
धातु लेज़र संयोजी विनिर्माण प्रणाली	यांत्रिक अभियांत्रिकी	मार्च-20	1,48,68,262.00
सॉलिड स्टेट NMRर प्रोब	रसायन विज्ञान	अगस्त-20	43,45,497.00
सर्वो शेक टेबल (यादृच्छिक कंपन व भूकंप अनुरूपण के लिए)	सिविल अभियांत्रिकी	अक्टूबर-19	8,13,750.00
शेक टेबल कंपन मापन के लिए गतिशील शेकर यंत्रण	सिविल अभियांत्रिकी	अक्टूबर-19	5,14,500.00
संरचनात्मक मॉडेल्स	सिविल अभियांत्रिकी	अक्टूबर-19	1,94,250.00
सकल परीक्षण मशीन (UTM)	सिविल अभियांत्रिकी	फरवरी-20	12,60,000.00
बायोगैस संयंत्र	सिविल अभियांत्रिकी	अगस्त-19	6,23,700.00
अग्नि-शामक	EMP के तहत TEQIP	जनवरी-20	1,71,218.00
स्वयं प्रभा ऑडियो-वीडियो प्रणाली	लाइब्रेरी	सितंबर-19	9,28,400.00
इंटरैक्टिव श्वेत पटल (*व्हाइट बोर्ड*) , सीलिंग माउंट ब्रेकेट	कंप्यूटर केंद्र	मई-19	62,068.00
माइक के साथ पोर्टेबल एम्प्लिफायर, लेक्टरन डिजिटल पोडियम	कंप्यूटर केंद्र	मई-19	79,650.00





3-डी प्रिंटर्स

नवोन्मेष एवं उद्भवन केंद्र
(सेंटर ऑफ इनोवेशन एंड इंक्यूबेशन, CII)



नवाचार एवं उद्भवन केंद्र (CII) लगभग 30,000 वर्ग फुट फर्श क्षेत्रफल युक्त एक G+2 भवन है । केंद्र का मिशन है - "इंडस्ट्री के सहयोग से नए प्रक्रमों, उत्पादों, डिजाइन एवं प्रौद्योगिकियों के लिए नवोन्मेषों को प्रोत्साहन देना जिससे समाज को ज्ञान के उपयोग में मदद मिले" । केंद्र के निम्नलिखित उद्देश्य हैं –

- → उद्योगों को उनके अनुसंधान प्रयोगशालाओं को इस केंद्र में स्थापित करने एवं परिसर प्रतिभा का उपयोग कर उनकी अनुसंधान परियोजनाएं करने के लिए आमंत्रित करते हुए इंडस्ट्री - अकादमिक सहभागिता को अधिक से अधिक बढ़ावा देना ।
- → NIT वारंगल के साथ अनुसंधान व विकास साझेदारी या अन्य किसी कार्य के इच्छुक प्रथम पीढ़ी के उद्यमियों को उनकी अनुसंधान प्रयोगशालाएं इस केंद्र में स्थापित करने के लिए प्रोत्साहित करना ।
- → संस्थान के मानदंडों के अनुसार उपयुक्त सुविधाएं, मूलभूत व्यवस्थाएं और वित्तीय सहायता प्रदान करके बी.टेक. व एम.टेक. छात्रों की नवोन्मेशी परियोजनाओं को प्रोत्साहित करना ।
- → NITW की आर&डी गतिविधियों को इंडस्ट्री की संभावित आवश्यकताओं के अनुकूल बनाने के उद्देश्य से उद्योगों के वैज्ञानिकों और NIT वारंगल के संकाय व छात्रों के बीच "परिसर में परस्पर बातचीत" की सुविधा प्रदान करना ।

NIT, वारंगल एक प्रमुख तकनीकी संस्थान होने के कारण प्रौद्योगिकी उद्यमिता की प्रक्रिया में एक महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है इसके लिए यह सीआईआई के माध्यम से स्टार्टअप सृजन, व्यवसाय उद्भवन, नए व अभिनव विचारों के साथ पूंजी व ज्ञान अभिगम को सुगम उपयोग के क्षेत्र में विभिन्न प्रकार की सेवाएं प्रदान करता है । इसके अलावा, संस्थान द्वारा उद्यमशीलता दक्षताओं के विकास के लिए उद्यमिता विकास व उपक्रम सृजन के वैकल्पिक पाठ्यक्रमों के माध्यम से उद्यमिता केंद्रित शिक्षा पर भी बल दिया गया है । इसके अलावा, छात्रों में उनके विचारों को नवोन्मेष व स्टार्टअप प्रतिष्ठान में परिवर्तित करने का विश्वास पैदा करने के लिए सुव्यवस्थित मार्गदर्शन *(मेंटरशिप)* कार्यक्रमों, लघु प्रशिक्षण के रूप में विभिन्न सहायता तंत्र भी प्रदान किए गए थे । सामाजिक उत्तरदायित्व के रूप में आसपास के स्थानीय स्टार्टअप्स के लिए उद्भवन सुविधाएं भी न्यूनतम खर्चों पर उपलब्ध है, जिससे संस्थानों में और देश में उद्यमशीलता संस्कृति को प्रोत्साहित करने में महत्वपूर्ण योगदान दे रहा है । CII पूर्व-निश्चित पर निम्नलिखित को सुविधा प्रदान करता है –

स्टार्टअप प्रकोष्ठ	नवोन्मेषी गैरेज़	इंडस्ट्री आर&डी प्रयोगशालाएं
EPICS परियोजनाएं व TEP	IPR प्रकोष्ठ	समझोता ज्ञापन, *MoUs* (राष्ट्रीय)

स्टार्टअप्स


छात्र स्टार्टअप्स वर्तमान आवश्यकताएं हैं व बाजार विस्तार रोजगार सृजन में अपार अवसर प्रदान करते हैं। भारत सरकार के 'स्टार्टअप इंडिया' और 'मेक इन इंडिया' कार्यक्रमों से लाभान्वित करने के लिए छात्रों और युवा संकाय में उद्यमिता को पोषित व प्रोत्साहित करना NIT वारंगल की स्टार्टअप नीति का लक्ष्य है। छात्रों को प्रोटोटाइप कार्यक्रमों में विचार सृजन में भाग लेने के लिए प्रोत्साहित किया जाता है और TEQIP-III के माध्यम से आवश्यक हार्डवेयर की खरीद के लिए अनुदान दिया जाता है।


स्टार्टअप का नाम	संस्थापक / सीईओ
फ्लोहरेक्स टेक्नोलोजिस Flowhrex Technologies	• श्री अभिजीत कुलकर्णी, पूर्व छात्र • श्री अमोल रायकर, पूर्व छात्र
ओफ़ेनबेच / Aufenbach	• श्री मोहम्मद अज़मान, पूर्व छात्र • श्री जीठू जी. पणिकर, पूर्व छात्र
धूर दवाखाना / Dhoor Davakhana	• डॉ. एम. सतीश, ईसीई विभाग
वसुदा जिओ एनेलिटिक्स / VaSuDu GeoAnalytics	• डॉ. के.वेंकट रेड्डी, सिविल विभाग • सुश्री सुनीथा
जीबीआईटी स्टुडियो एलएलपी	• श्री अनिरुद्ध जोशी, IV बी.टेक.
स्काइलार्क लेब्स Skylark Labs	• डॉ. अमरजोत सिंह , पूर्व छात्र
कलाम बुक्स Kalam Books	• श्री कल्प शोभना, IV बी.टेक. • श्री अनुश्रेष्ठ चौरे, IV बी.टेक.
आयुरदीप हेल्थकेयर साल्यूशन Ayurdeep Healthcare Solution	• सुश्री बी. दीप्ति

नवोन्मेष गैरेज़

CII, छात्रों को नवोन्मेष गैरेज़ (IG) के माध्यम से नवोन्मेषी परियोजनाएं करने के लिए मंच प्रदान करता है । नवोन्मेष गैरेज़ छात्रों के लिए नवोन्मेषी परियोजनाओं पर कारी करने और प्रोटोटाइप विकसित करने के लिए एक बहुविषयक 24x7 सामूहिक खोज स्थान *(मेकरस्पेस)* है। परिसर में नवोन्मेष व रचयिता संस्कृति प्रोत्साहित करने के लिए IG वर्ष भर गतिविधियां आयोजित करता है, इनमें प्रमुख हैं **मेकर्सवेव, आइडियाथॉन, डिज़ाइन थिंकिंग, वर्कशॉप आदि** । हमारे पास कई छात्र टीमें हैं जो **एआई, ब्लॉकचेन, रोबोटिक्स और साइबर सुरक्षा** के क्षेत्र में सामाजिक प्रभाव की परियोजनाओं पर काम कर रही हैं।

हमारी प्रगति





CII में यांत्रिक वाहन टीमें

CII यांत्रिक व स्पोर्ट्स कार टीमों को उनके वाहन डिज़ाइन व निर्माण करने के लिए जगह एवं उपस्कर प्रदान करता है।

- **रोनिन रेसिंग टीम** (इलेक्ट्रिक F1)
- **स्पर्धक टीम** (बाज़ा)
- **थंडरबोल्ट टीम** (एफ़िसायकल)
- **मेकज़ौश्टर्स टीम** (फार्मूला वन)
- **मेकाहोलिक्स टीम** (क्वैड बाइक)
- **तेजस टीम** (इलेक्ट्रिक गो कार्ट)
- **बिल्ट्ज़क्रीग टीम** (गो कार्ट)

CII में गतिविधियां

CII पूरे वर्ष 2000 से अधिक छात्रों को शामिल कर कार्यक्रम आयोजित करता है । कुछ कार्यक्रमों, कार्यशालाओं, अतिथि व्याख्यानों और मेकथॉन की झलक यहां प्रस्तुत है।

क्रम संख्या	कार्यक्रम	दिनांक	छात्रों की संख्या
1.	प्रथम वर्ष का परिचय सत्र	10.08.2019	100+
2.	गेमदेव कार्यशाला	25.08.2019	100+
3.	ML/AI कार्यशाला	01.09.2019	300+
4.	हैदराबाद डिज़ाइन सप्ताह में प्रतिनिधित्व	09.09.2019	10+
5.	नवोन्मेष में महिलाएं	13.09.2019	80+
6.	अरड्यूनो कार्यशाला	15.09.2019	400+
7.	पूर्व छात्रों के साथ मीटिंग	11.10..2019	50+
8.	आइडियाथॉन	19.10.2019	200+
9.	निर्माता-मेला हैदराबाद में प्रतिनिधित्व	09.11.2019	30+
10.	फैन्टाम सीटीएफ़	04.01.2020	200+
11.	निर्माताओं के आव्हान के लिए परिचय सत्र	08.01.2020	150+
12.	TAB द्वारा अतिथि वार्ता	09.01.2020	50+
13.	स्मार्ट इंडिया हैकाथॉन – प्रारम्भिक *(प्रिलिम्स)*	07.02.2020	80+
14.	मेकर्सवेव - हैकाथॉन	28.02.2020	250+
15.	मेकर्सवेव - फैन्टाम सीटीएफ़	29.02.2020	200+
16.	मेकर्सवेव – एसीएम कोडफ़ेस्ट	29.02.2020	100+
17.	मेकर्सवेव – बिज़ टेक क्विज़	01.02.2020	30+
18.	मेकर्सवेव – हरिप्रकाश अग्रवाल व टी. वामसी मोहन द्वारा अतिथि वार्ता	01.02.2020	150+

फैन्टाम सीटीएफ़



अरड्यूनो कार्यशाला



मेकर्सवेव – हैकाथॉन




अतिथि व्याख्यान




CII में उपलब्ध उपस्कर



प्रिंटर्स



ग्राफिक कार्ड 1070Ti





3 डी लेज़र इंग्रेवर

सिविल अभियांत्रिकी विभाग



सिविल अभियांत्रिकी विभाग, 1959 में RECs की शृंखला का प्रथम क्षेत्रीय अभियांत्रिकी महाविद्यालय, वारंगल (RECW), के साथ ही स्थापित हुआ था। विभाग अवर स्नातक व सात स्नातक पाठ्यक्रम के साथ ही पीएच.डी. कार्यक्रम भी चलाता है । ये सभी कार्यक्रम वाशिंगटन समझौते के अनुपालन से NBA मान्यता प्राप्त है ।

विभाग में उच्च अर्हता प्राप्त एवं समर्पित संकाय सदस्य हैं जो सुविख्यात हैं एवं राष्ट्रीय व राज्यस्तरीय नीति निर्माता व सलाहकार अनेकों संस्थाओं के सदस्य हैं। अन्य तकनीकी संस्थानों के संकाय सदस्यों के लिए पीएच.डी. कार्यक्रम चलाने के कारण, सिविल अभियांत्रिकी विभाग को 1978 से QIP केंद्र के रूप में मान्यता प्राप्त होने का सम्मान मिला है।

चिरस्थायी अवसंरचनाएं सृजन व जीवन शैली की गुणवत्ता में संवर्धन के लिए यह विभाग सिविल अभियांत्रिकी शिक्षा, शोध, उद्यमिता एवं इंडस्ट्री आउटरीच में ज्ञान शक्ति का केंद्र बनने महत्वाकांक्षा रहता है। इस आशा को पूरा करने के लिए, हम वैश्विक संबंधों के साथ शिक्षा, शोध व परामर्श में अंतरराष्ट्रीय मानक प्राप्त करने हेतु क्वालिटी शिक्षा व प्रशिक्षण के द्वारा सिविल अभियंताओं का विशेषज्ञ काडर तैयार करेंगे।



सिविल इंजीनियरिंग डिपार्टमेंट

संकाय विवरण



डॉ. एन.वी. रमना राव
प्रोफेसर, सिविल अभि.व निदेशक NITW
रूचि के क्षेत्र : कंपन, FEA, अक्षिरूपी व प्रिस्मेटिक शेल व फोल्डेड प्लेट्स के संरचनात्मक आकार का इष्टतमीकरण, जिओपॉलीमर कंक्रीट, कंपोसिट्स, फेरोसीमेंट



डॉ. एन.वी. उमामहेश
प्रोफेसर (HAG)
रूचि के क्षेत्र : जल संसाधन प्रणाली, हाइड्रोलॉजिक मॉडलिंग,जलवायु परिवर्तन प्रभाव मॉडलिंग, शहरी बाढ़



डॉ. पी. आनंदराज
प्रोफेसर
रूचि के क्षेत्र : प्रणाली विश्लेषण, फजी सिस्टम, विविध-मापदंड निर्णय, हाइड्रोलॉजी व तरल यांत्रिकी



डॉ. देव प्रताप
प्रोफेसर
रूचि के क्षेत्र : अभियांत्रिकी भूविज्ञान, रिमोट सेंसिंग



डॉ. ई. वैंकटरत्नम
प्रोफेसर
रूचि के क्षेत्र : द्रवचालित अस्थिर अवस्थाएं, भूजल हाइड्रोलॉजी,जलाशय तलछट, सिंचाई अभियांत्रिकी



डॉ. पी. रतीश कुमार
प्रोफेसर एवं अध्यक्ष
रूचि के क्षेत्र : उच्च निष्पादन मोर्टार्स /कंक्रीट, कम लागत/ वैकल्पिक/पुर्नचक्रित भवन निर्माण सामग्री, SCC, सीमेंट, कंपोजिट्स, SHM, इमारतों व पुल की मरम्मत व पुनर्वसन



डॉ. सी.एस.आर.के. प्रसाद
प्रोफेसर (HAG)
रूचि के क्षेत्र : परिवहन अभियांत्रिकी, यात्रा मांग, शहरी व क्षेत्रीय प्लानिंग, भूमि उपयोग प्लानिंग,सार्वजनिक परिवहन, राजमार्ग नेटवर्क डिजाइन



डॉ. डी. रामासेशु
प्रोफेसर
रूचि के क्षेत्र :नई कंक्रीट, संरचनाओं की मरम्मत व स्वास्थ्य निगरानी



डॉ. एम. चन्द्रशेखर
प्रोफेसर (HAG)
रूचि के क्षेत्र : जल गुणवत्ता प्रबंधन, अपशिष्ट उपचार, ठोस अपशिष्ट प्रबंधन, वायु प्रदूषण, EIA



डॉ. वी. रमनामूर्ति
प्रोफेसर
रूचि के क्षेत्र : अभियांत्रिकी संरचनाएं, फेरोसमेंट, फाइबर प्रबलित कंक्रीट, टिकाऊ कंक्रीट, RC मेंबर्स के वियोटन,संरचनाओं का पुनर्वास व रेट्रोफिटिंग



डॉ. के.वी. जयकुमार
प्रोफेसर (HAG)
रूचि के क्षेत्र : हाइड्रोलॉजी व जल संसाधन, शहरी जल प्रबंधन, सिंचाई अभियांत्रिकी, वेटलैंड हाइड्रोलॉजी पर्यावरण प्रबंधन, पर्यावरण प्रवाह



डॉ. सी.बी. कामेश्वर राव
प्रोफेसर
रूचि के क्षेत्र : फेरोसीमेंट, फाइबर प्रबलित कंक्रीट, टिकाऊ कंक्रीट, RC मेंबर्स के वियोटन, संरचनाओं का पुनर्वास व रेट्रोफिटिंग, UHSC, क्रमिक पतन



डॉ. जी. राजेश कुमार
प्रोफेसर
रूचि के क्षेत्र : उच्च शक्ति कंक्रीट, पूर्वप्रतिबलित कंक्रीट, पुल, टिकाऊ पदार्थों का उपयोग



डॉ. टी.डी. गुणेश्वर राव
प्रोफेसर
रूचि के क्षेत्र : कंक्रीट संरचनाओं की विभंजन क्रियाविधि, फाइबर प्रबलित कंक्रीट, प्रबलित कंक्रीट, टिकाऊ निर्माण सामग्री



श्री वी.एन. कामेश्वर राव
एसोसिएट प्रोफेसर
रूचि के क्षेत्र : तरल यांत्रिकी व द्रवचालित मशीनें, हाइड्रोलॉजिक सिस्टम मॉडलिंग, परिवहन घटना, जलवायु मॉडलिंग

सिविल अभियांत्रिकी / सिविल इंजीनियरिंग



श्री एम. सुधाकर
एसोसिएट प्रोफेसर
रूचि के क्षेत्र :
स्टील फायबर प्रबलित कंक्रीट



डॉ. पी. हरि कृष्णा
एसोसिएट प्रोफेसर
रूचि के क्षेत्र :
कणिकीय एंकर पाइल्स, प्रसारी मृदा, उपयोगिता आधारित उच्च शिक्षा



डॉ. एम. हीरालाल
एसोसिएट प्रोफेसर
रूचि के क्षेत्र :
फुटपाथ पर पुनर्चक्रित एग्रीगेट्स व भू-पर्यावरणीय अभियांत्रिकी



डॉ. वैंकट रेड्डी
एसोसिएट प्रोफेसर
रूचि के क्षेत्र : वाटर-शेड मॉडलिंग, जलवायु परिवर्तन प्रभाव अध्ययन, जल संसाधनों में भू-स्थानिक प्रौद्योगिकियों का अनुप्रयोग, ग्रामीण और शहरी प्रणालियां



डॉ. पी. हरि प्रसाद
एसोसिएट प्रोफेसर
रूचि के क्षेत्र : भू-पर्यावरणीय अभियांत्रिकी, मृदा स्थिरीकरण, संदूषक परिवहन, जैव-उपचारण



डॉ. वैंकय्या चौधरी
एसोसिएट प्रोफेसर
रूचि के क्षेत्र : बिटुमिनस बाइंडर्स व बिटुमिनस मिश्रण के अभिलक्षण, फुटपाथ मूल्यांकन, परिवहन शोर का परिमाणीकरण



डॉ. पी. वैंकटेश्वर राव
एसोसिएट प्रोफेसर
रूचि के क्षेत्र :
ठोस अपशिष्ट प्रबंधन, जल व अपशिष्ट जल उपचार



डॉ. एस. वैंकटेश्वर राव
एसोसिएट प्रोफेसर
रूचि के क्षेत्र :
स्व-संहत कंक्रीट, विशिष्ट कंक्रीट्स एवं कंक्रीट व मोर्टार में नेनो-पदार्थ



डॉ. आरिफ़ अली बैग
एसोसिएट प्रोफेसर
रूचि के क्षेत्र :भू-पर्यावरणीय अभियांत्रिकी, पुनर्चक्रित अपशिष्ट पदार्थ, भूमि सुधार , CBNCs



डॉ. टी.पी. तेजस्वी
असिस्टेंट प्रोफेसर
रूचि के क्षेत्र :सम्मिश्र पदार्थो का विविध व्यवहार व प्रघात व आघात पर संरचनात्मक अनुक्रिया, FEA, strl गतिकी, SHM, विविध खतरे आघाती आकलन



डॉ. एस. शंकर
असिस्टेंट प्रोफेसर
रूचि के क्षेत्र :
अल्प आयतन सड़कें, फुटपाथ प्रबंधन प्रणाली, ह्वास , परिवहन अर्थशास्त्र



डॉ. एम. शशी
असिस्टेंट प्रोफेसर
रूचि के क्षेत्र : प्रगत सर्वेक्षण, डिजिटल फोटोग्राममिती, यूएवी, जीपीएस



डॉ. अजय कुमार पटेल
असिस्टेंट प्रोफेसर
रूचि के क्षेत्र : सीएफडी, पर्यावरण हाइड्रोलिक्स व तरल यांत्रिकी, अपशिष्ट जल अभियांत्रिकी; पृष्ठ वातन प्रणाली



डॉ. डी. रवि प्रसाद
असिस्टेंट प्रोफेसर
रूचि के क्षेत्र : संरचनात्मक स्वास्थ्य निगरानी, हाइब्रिड फायबर प्रबलित कृत्रिम सीमेंटिकस कंपोजिट्स, सस्टेनेबल निर्माण सामग्री



डॉ. एम.वी.एन. शिवा कुमार
असिस्टेंट प्रोफेसर
रूचि के क्षेत्र : कम्प्यूटेशनल यांत्रिकी, धातु व कंक्रीट संरचनाओं की विभंजन यांत्रिकी, रिएक्टर घटकों के परिमित तत्व व नाभिकीय विश्वसनीयता अनुप्रयोग

सिविल अभियांत्रिकी / सिविल इंजीनियरिंग



डॉ. के.वी.आर. रवि शंकर
असिस्टेंट प्रोफेसर
रूचि के क्षेत्र : भीड़ व पादचारी व्यवहार विश्लेषण एवं मॉडलिंग, मिश्रित व गैर-लेन यातायात प्रवाह मॉडलिंग, सड़क सुरक्षा विश्लेषण, ITS, राजमार्ग क्षमता विश्लेषण



डॉ. अर्पण मेहर
असिस्टेंट प्रोफेसर
रूचि के क्षेत्र : यातायात अभियांत्रिकी, फुटपाथ अभियांत्रिकी, योजना व राजमार्ग नेटवर्क की डिजाइन, चालक व्यवहार विश्लेषण, एप्लाइड सांख्यिकी व प्रायिकता



डॉ. जी. वैंकटरमना
असिस्टेंट प्रोफेसर
रूचि के क्षेत्र : तकनीकी अभियांत्रिकी, चट्टान क्रियाविधि व चट्टान अभियांत्रिकी, भूस्खलन रोकने के उपाय, इन-सिटू भू-तकनीकी परीक्षण



डॉ. बी. कविता
असिस्टेंट प्रोफेसर
रूचि के क्षेत्र : अभियांत्रिकीय भूकंप विज्ञान, जमीन गति का अनुरूपण, PSHA, भूकंप भविष्यवाणी



डॉ. उमेश बी.
असिस्टेंट प्रोफेसर
रूचि के क्षेत्र : कम्प्यूटेशनल यांत्रिकी, पारंपरिक व अपारंपरिक सातत्य सिद्धांत, FDM, FEA, सम-ज्यामितीय विश्लेषण, क्षति व भंजन यांत्रिकी



डॉ. जी. कल्याण कुमार
असिस्टेंट प्रोफेसर
रूचि के क्षेत्र : भू-तकनीकी अभियांत्रिकी, भूकंपीय खतरा विश्लेषण, विश्वसनीयता विश्लेषण, मृदा गतिकी



डॉ. वाई. नवाथा
असिस्टेंट प्रोफेसर
रूचि के क्षेत्र : सुदूर संवेदी फोटोग्राममिती, ग्रामीण व शहरी नियोजन सुविधाएं



डॉ. अंबिका एस.
असिस्टेंट प्रोफेसर
रूचि के क्षेत्र : सस्टेनेबल जल व अपशिष्ट जल उपचार, स्वच्छ प्रौद्योगिकियां, औद्योगिक अपशिष्ट प्रबंधन, प्रदूषक परिवहन, अपशिष्ट से संपदा



डॉ. अनीता वी.
असिस्टेंट प्रोफेसर
रूचि के क्षेत्र : आईएम/आरआईएम, झुकावी निर्माण, निर्माण में वीआर, निर्माण परियोजना प्रबंधन, सस्टेनेबल निर्माण, आधारभूत संरचना प्रबंधन



डॉ. शशि राम
असिस्टेंट प्रोफेसर
रूचि के क्षेत्र : ऊर्जा-दक्ष इमारतें, सस्टेनेबल पदार्थ, हरित भवन



डॉ. के. गोपीकृष्णा
असिस्टेंट प्रोफेसर
रूचि के क्षेत्र : संरचनाओं का बहु-जोखिम निष्पादन मूल्यांकन, भूकंप अभियांत्रिकी, वेवलेट परिमित तत्व विधियां, संरचनाओं की बहु-स्तरीय मॉडलिंग



डॉ. पी. श्रीधर
असिस्टेंट प्रोफेसर
रूचि के क्षेत्र : जल/अपशिष्ट जल उपचार, जीवन चक्र विश्लेषण, जल/अपशिष्ट जल उपचार मॉडलिंग, ठोस अपशिष्ट प्रबंधन, बायोडीजल, बायोप्लास्टिक



डॉ. एस. अनिता प्रियदर्शनी
असिस्टेंट प्रोफेसर
रूचि के क्षेत्र : एफआरपी कंपोजिट्स, कठोर प्लेटें और परिमित तत्व विश्लेषण



डॉ. चिंथाला सुमंत
असिस्टेंट प्रोफेसर
रूचि के क्षेत्र : वायु प्रदूषण, आंतरिक वायु गुणवत्ता, सतत विकास, ठोस अपशिष्ट प्रबंधन, EIA



डॉ. सुधीर कुमार यामसानी
असिस्टेंट प्रोफेसर
रूचि के क्षेत्र : भू-पदार्थ का अभिलक्षणन, प्रबलित मृदा संरचनाएं, अपशिष्ट निपटान सुविधाओं की डिजाइन



डॉ. लिटन कुमार रे
असिस्टेंट प्रोफेसर

रूचि के क्षेत्र : प्रसंभाव्य हाइड्रोलॉजी, बाढ़ और सूखे का अनुमान, वास्तविक काल बाढ़ पूर्वानुमान मॉडलिंग, हाइड्रोलॉजिक मॉडलिंग, जलवायु परिवर्तन व जलवायु परिवर्तनशीलता अध्ययन



डॉ. संजीत बिस्वास
असिस्टेंट प्रोफेसर

रूचि के क्षेत्र : मृदा गतिकी, औद्योगिक मशीन फाउंडेशन, उथली व गहरी नींव, परीक्षण, FEA, सातत्य प्रक्रिया मॉडलिंग और विश्लेषण, भू-पर्यावरण अभियांत्रिकी



डॉ. बी. रघुराम कदाली
असिस्टेंट प्रोफेसर

रूचि के क्षेत्र : यातायात प्रवाह व पैदल मॉडलिंग, अमोटरित व यातायात सुरक्षा, चालक व यात्रा व्यवहार, परिवहन स्थायित्व व पर्यावरण, माल परिवहन



डॉ. वेमा वामसी कृष्णा
असिस्टेंट प्रोफेसर

रूचि के क्षेत्र : हाइड्रोलॉजिक मॉडलिंग, वाटरशेड प्रबंधन, कृषि जल प्रबंधन, संसाधनों का वैकल्पिक आवंटन, अनिश्चितता में निर्णय करना



डॉ. आर. रमेश नायका
असिस्टेंट प्रोफेसर

रूचि के क्षेत्र : कम लागत आवास; निर्माण प्रबंधन के लिए BIM व HBIM; टिकाऊ निर्माण सामग्री; निर्माण भौतिकी, सुरक्षा में GIS व निर्माण परियोजनाओं का LCA



डॉ. पी. रवि प्रकाश
असिस्टेंट प्रोफेसर

रूचि के क्षेत्र : संरचनात्मक अग्नि अभियांत्रिकी, कम्प्यूटेशनल यांत्रिकी, संरचनात्मक अभियांत्रिकी अनुप्रयोगों में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस */यांत्रिक बौद्धिकता*



डॉ. अक्षय वैंकटेश्वरन
असिस्टेंट प्रोफेसर

रूचि के क्षेत्र : संरचनात्मक कंक्रीट, फाइबर प्रबलित कंक्रीट, स्टील-कंक्रीट, सम्मिश्र संरचनाएं



डॉ. विष्णु आर.
असिस्टेंट प्रोफेसर

रूचि के क्षेत्र : यातायात प्रवाह व पादचारी मॉडलिंग, अमोटरित व यातायात सुरक्षा, चालक व यात्रा व्यवहार, परिवहन स्थायित्व व पर्यावरण, माल परिवहन



डॉ. मनीष पांडे
असिस्टेंट प्रोफेसर

रूचि के क्षेत्र : प्रायोगिक द्रव विज्ञान, तलछट परिवहन, नदी प्रशिक्षण कार्य, पुल परिमार्जन



डॉ. मनाली पाल
असिस्टेंट प्रोफेसर

रूचि के क्षेत्र

जल-जलवायु विज्ञान, सुदूर संवेदन

सिविल अभियांत्रिकी / सिविल इंजीनियरिंग

प्रकाशन (विद्वत् समीक्षित जर्नल्स / *पियर रिव्यूड जर्नल्स*) - अंतरराष्ट्रीय जर्नल्स (138)

टी. श्रीनिवास व **एन.वी. रमना राव** (2019),), "Studies on the Behaviour of Sulphate Attack Resistance of Low Calcium Fly Ash and Slag Based Geopolymer Concrete" इंटरनेशनल जर्नल ऑफ सिविल इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी (IJCIET-स्कोपस इंडेक्सेड), ISSN प्रिंट: 0976-6308, वॉल्यूम 10, अंक 02, फरवरी 2019. पृष्ठ 510-518, आर्टिकल आईडी: IJCIET_10_02_051.

सुचिथ रेड्डी अरुकला, **रथीश कुमार पंचारथी, आनंद राज पी.**, "Developing Sustainable Performance Index (SPI) for Self Compacting Concretes", जर्नल ऑफ बिल्डिंग इंजीनियरिंग, 27 (1) पृष्ठ 100974 (2020). एल्सवियर।

सुचिथ रेड्डी अरुकला, **रथीश कुमार पंचारथी, आनंद राज पी.**, "Preference-based Multi-criteria framework for developing a Sustainable Material Performance Index (SMPI)", इंटरनेशनल जर्नल ऑफ सस्टेनेबल इंजीनियरिंग, 12 (6), 2019, पृष्ठ 390-403, टेलर एंड फ्रांसिस।

सुचिथ रेड्डी अरुकला, **रथीश कुमार पंचारथी, आनंद राज पी.**, "Evaluation of Sustainable Performance Indicators for the Built Environment using AHP approach" जर्नल ऑफ इंस्टीट्यूशन ऑफ इंजीनियर्स (इंडिया) - श्रृंखला A 100 (2), (2019), पृष्ठ 619-631, स्प्रिंगर पब्लिकेशन्स।

सुचिथ रेड्डी अरुकला, **रथीश कुमार पंचारथी, आनंद राज पी.**, "Developing Entropy-based Fuzzy TOPSIS Framework for Selection of a Sustainable Building Material" इंटरनेशनल जर्नल ऑफ कंस्ट्रक्शन मैनेजमेंट, 21 (6) 2019 पृष्ठ 1-12, टेलर और फ्रांसिस।

सुचिथ रेड्डी अरुकला, **रथीश कुमार पंचारथी, आनंद राज पी.**, " Developing a Material Sustainable Performance Score (MSPS) to select an alternative Cementitious Material", ISSN : 1425-8129, वॉल्यूम 1, अंक 1, पृष्ठ 68-76 (SCI)।

यशवंत पलुरी, **एम. हीरालाल और पी. रथीश कुमार,** "Feasibility Study on Use of RAP Based Aggregates in Pavement Quality Concrete (PQC)", CWB6/2019, 2019 : (SCI)।

गुरु प्रथाप रेड्डी, बी. मुरली कृष्णा, **टी.ताड़ेपल्ली, पी. रथीश कुमार,** "Image-Based Deterioration Assessment Of Concrete, Materials" टुडे प्रोसीडिंग्स, DOI : 10.1016/j.matpr.2020.03.716 एल्सवियर (स्कोपस)।

कृष्णा, बी मुरली, वी गुरु प्रथाप रेड्डी, **टी.ताड़ेपल्ली, पी. रथीश कुमार,** वाई. लहीर, "Numerical and experimental study on flexural behavior of reinforced concrete beams: Digital Image Correlation approach" : कंप्यूटर एंड कंक्रीट, टेक्नोप्रेस, वॉल्यूम 24, नं. 6, पेज 561-570, दिसंबर 2019।

बी. मुरली कृष्णा, **टी.पी. तेजस्वी, पी. रथीश कुमार, के. गोपीकृष्णा, एम.वी.एन. शिवकुमार, एम. शशि** , "QR code as speckle pattern for reinforced concrete beams using digital image correlation", स्ट्रक्चरल मॉनिटरिंग एंड मेंटेनेंस:, वॉल्यूम 24, नंबर 1, 2019 : 67-84।

के.जे.एन. साई नितेश और **एस. वेंकटेश्वर राव, पी. रथीश कुमार,** "An experimental investigation on torsional behavior of recycled aggregate steel fiber reinforced Self Compacting Concrete", जर्नल ऑफ बिल्डिंग इंजीनियरिंग, वॉल्यूम 22, 2019, पृष्ठ 242 - 251।

डी. निखिल कुमार, **रथीश कुमार पंचारथी,** "Characterization of ancient mortar for sustainability of an 800 year old heritage site in India " मटेरियल्स टुडे प्रोसीडिंग्स : DOI: 10.1016/j.matpr.2020.03.472 एल्सवियर पब्लिकेशन, (स्कोपस इंडेक्स्ड)।

यशवंत पलुरी, **हीरालाल मुदावथ, और रथीश कुमार पी.**, " Performance Evaluation of Reclaimed Asphalt Pavement (RAP) as Fine Aggregate in Concret" मटेरियल्स टुडे : प्रोसीडिंग्स, DOI : 10.1016/ j.matpr.2020.03.147, एल्सवियर पब्लिकेशन, (स्कोपस इंडेक्स्ड)

बिन्ह, ले थिहोआ, **एन.वी. उमामहेश और ई. वैंकट रत्नम,** "High-resolution flood hazard mapping based on nonstationary frequency analysis: case study of Ho Chi Minh City, Vietnam", हाइड्रोलॉजिकल साइंसेज जर्नल 64, नंबर 3 (2019) : 318-335 (SCI, इम्पैक्ट फ़ैक्टर : 2.23)।

बिन्ह, ले थिहोआ, वी एजीलन, **एन.वी. उमामहेश और ई वी रत्नम, "**Modelling spatial variation of extreme precipitation over Ho Chi Minh City under nonstationary condition", एक्टा जियोफिजिका 67 (2019) (SCI, इम्पैक्ट फैक्टर: 1.01)।

दसारी कार्तिक और **सी.बी. कामेश्वर राव** (2019), "Identifying the significant factors affecting the masonry labour productivity in building construction projects in India", इंटरनेशनल जर्नल ऑफ कंस्ट्रक्शन मैनेजमेंट, DOI : 10.1080/15623599.2019.1631978.

